कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 369, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 04 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

संसद में अडानी पर बवाल जारी

दोनों सदनों में विपक्ष के सांसदों ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर हंगामा किया, अडानी स्टॉक क्रैश) से सरकार का कोई लेना देना नहीं: संसदीय कार्यमंत्री

नई दिल्ली: संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार (6 फरवरी) तक स्थगित कर दी गई है। दोनों सदनों में विपक्ष के सांसदों ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर हंगामा किया और इस मामले में जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) गठित करने की मांग की। वहीं, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इस मुद्दे पर कहा कि उससे (अडानी स्टॉक क्रैश) से सरकार का कोई लेना देना नहीं है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा प्राथमिकता रहती है। विपक्ष पास कोई और मुद्दा नहीं है।
वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सदन के पटल के लिए रणनीति तैयार करने के लिए अपने संसद कार्यालय में सुबह विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक बुलाई। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने चीन के साथ सीमा की स्थिति पर चर्चा के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया।

खड़गे बोले- हर बार हमारे नोटिस रिजेक्ट कर दिए जाते हैं: राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सभी पार्टियों के नेताओं ने मिलकर एक फैसला लिया है कि आर्थिक दृष्टि से देश में जो घटनाएं हो रही हैं उसे सदन में उठाना है इसलिए हमने एक नोटिस दिया था। हम इस नोटिस पर चर्चा चाहते थे लेकिन जब भी हम नोटिस देते हैं तो उसे रिजेक्ट कर दिया जाता है।

13 विपक्षी पार्टियों ने कहा- हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर संसद में चर्चा हो: अडाणी ग्रुप पर हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को लेकर कांग्रेस, टीएमसी, आप, एसपी डीएमके, जनता दल और लेफ्ट समेत 13 विपक्षी पार्टियों ने मीटिंग की। यह बैठक राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के चेंबर में हुई। इनमें से 9 पार्टियों ने राज्यसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि लोगों की मेहनत का पैसा बर्बाद हो रहा है।

हिंडनबर्ग रिसर्च के खिलाफ एक जनहित याचिका दाखिल

नई दिल्ली: भारतीय कारोबारी गौतम अडाणी का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। वकील मनोहर लाल शर्मा ने शुक्रवार को जनहित याचिका दाखिल कर अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च के खिलाफ जांच की मांग की है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के कारण अडाणी समूह के शेयरों में गिरावट आई है। याचिका में शार्ट सेलर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए निवेशकों को मुआवजा दिए जाने की मांग की गई है।

केन्द्र सरकार संसद में चर्चा से बच रही: शशि थरूर

नई दिल्ली: कांग्रेस सांसद शशि थरूर का कहना है कि केन्द्र सरकार संसद में चर्चा से बच रही है। सरकार किसी मुद्दे पर जवाब देना नहीं चाहती। थरूर ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि विपक्षी दल चाहते हैं कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर चर्चा हो, अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच हो, भारत-चीन सीमा विवाद सहित, महंगाई, बेरोजगारी पर चर्चा हो लेकिन सरकार इन मुद्दे पर संसद में चर्चा करना नहीं चाहती है ।

जैश के मॉड्यूल का भंडाफोड़

छह आतंकी हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार

जम्मू-कश्मीर: सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर छह आतंकियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। कुलगाम पुलिस को इलाके में कुछ आतंकियों के मौजूद होने की सूचना मिली थी। इसके बाद 9 राष्ट्रीय राइफल्स के साथ मिलकर तलाशी अभियान चलाया गया। एक विशेष ठिकाने से सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद कर छह आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि

मौके से चार यूबीजीएल गोले, 446 गोलियां, तीस एके 47, दो मोर्टार शेल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री मिली है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

कॉलेजियम पर केंद्र-सुप्रीम कोर्ट की तकरार जारी

कॉलेजिमय: 'कड़ा फैसला लेने पर मजबूर न करें केंद्र', सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी देख केंद्र ने कहा- जजों की नियुक्ति 5 दिन में हो जाएगी

नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट में 5 जजों की नियुक्ति के लिए केंद्र को भेजी सिफारिश अगले पांच दिन में मंजूर हो जाएगी। केंद्र सरकार ने अपने हलफनामें में सुप्रीम कोर्ट को यह जवाब दिया है। उसका यह जवाब सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद आया है। दरअसल, एडवोकेट्स एसोसिएशन बेंगलुरु ने इस मामले में एक अवमानना याचिका लगाई थी। शुक्रवार को इस पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने हाईकोर्ट जजों का ट्रांसफर कर सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति देने की सिफारिशों को मंजूरी देने में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने सरकार से कहा कि ये बेहद गंभीर मामला है। हमें ऐसा स्टैंड लेने पर मजबूर न करें, जिससे परेशानी हो। केस की अगली सुनवाई 13 फरवरी को होगी।

कॉलेजियम ने जजों के नाम की सिफारिश की थी: सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 13 दिसंबर को सरकार से 5 नामों की सिफारिश की थी। इनमें जस्टिस पंकज मिथल चीफ जस्टिस राजस्थान हाईकोर्ट, जस्टिस संजय करोल चीफ जस्टिस पटना हाईकोर्ट, जस्टिस पी वी संजय कुमार चीफ जस्टिस मणिपुर हाईकोर्ट, पटना हाईकोर्ट के जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस मनोज मिश्रा का नाम शामिल था।

फिलहाल 27 जजों के साथ काम कर रहा सुप्रीम कोर्ट: सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने जस्टिस एसके कौल और एएस ओका की बेंच को बताया कि 5 जजों की नियुक्ति का वारंट जल्द ही जारी होगा। सुप्रीम कोर्ट में जजों की सैंक्शन स्ट्रेंथ सीजेआई समेत 34 है। फिलहाल 27 जजों के साथ काम हो रहा है। पांचों जजों के शपथ लेने के बाद यह संख्या बढ़कर 32 हो जाएगी।

असम: बाल विवाह में शामिल हुए 52 पुजारी-काजी गिरफ्तार

दिसपुर: असम सरकार ने शुक्रवार को बाल विवाह के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया। राज्य में बाल विवाह में शामिल हुए 52 पुजारियों और काजी को गिरफ्तार किया गया है।

डीजीपी जीपी सिंह ने बताया कि सबसे ज्यादा गिरफ्तारियां धुबरी, बारपेटा, कोकराझार, विश्वनाथ जिलों में हुई हैं। इससे पहले गुरुवार शाम को बाल विवाह मामले में 7 लोगों को अरेस्ट किया गया था। पूरे राज्य में अब तक करीब 1800 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी हैं।

मोदी के नेतृत्व में भारत छलांग लगाने वाले देश बना: नड्डा

अगरतला: त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अभियान शुरू कर दिया है। शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा त्रिपुरा पहुंचे, यहां उन्होंने अमरपुर और कुमारघाट में दो जनसभाओं को संबोधित किया। नड्डा ने कहा कि 9 साल पहले भारत घुटने टेकने वाला देश था, फैसला न ले पाने वाला भारत था। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आकांक्षाओं का देश बन गया है, छलांग लगाने वाला देश बन गया है। जनसभाओं के बाद नड्डा ने गोमती में एक पार्टी कार्यकर्ता के घर पारंपरिक तौर पर केले के पत्ते पर भोजन किया।

डबल इंजन की सरकार ने बदली राज्य की तस्वीर
जनसभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने राज्य की तस्वीर बदल दी है। पिछले 5 सालों में त्रिपुरा में खूब विकास हुआ है। आज यहां आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। यहां मौजूद भीड़ बताती है कि त्रिपुरा के लोगों ने फिर से बीजेपी, बीजेपी और बीजेपी को सरकार में लाने का फैसला किया है। पांच साल पहले त्रिपुरा दंगों, बंद और अशां?ति के लिए जाना जाता था। आज त्रिपुरा में विकास, कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर और शांति दिखती है। बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आज से 9 साल पहले भारत कैसा था? घुटने टेकने वाला भारत था, फैसला नहीं ले सकने वाला भारत था, भ्रष्टाचार करने वाले देशों में शुमार था जहां आए दिन घोटाले होते रहते थे। लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में बीते 9 साल में भारत आकांक्षाओं का देश बन गया, छलांग लगाने वाला देश बन गया और दुनिया में खुद को स्थापित करने वाला मजबूत राष्ट्र बन गया।

चिदंबरम की पत्नी की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली: प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सारदा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम की पत्नी नलिनी चिदंबरम, सीपीएम के पूर्व विधायक देबेंद्रनाथ बिस्वास और अन्य लाभार्थियों की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने शुक्रवार को कहा कि नलिनी चिदंबरम, सीपीएम के पूर्व विधायक देबेंद्रनाथ बिस्वास और असम के पूर्व मंत्री अंजान दत्ता की कंपनी की कुल छह करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की गई है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत।

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र मजबूत और स्थिर : आरबीआई

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) का कहना है कि वर्तमान में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र मजबूत और स्थिर हालात में है। बैंकों से जुड़े विभिन्न मानदंड पूरी तरह से दुरुस्त हैं। सभी बैंक आरबीआई के बड़े एक्सपोजर फ्रेमवर्क (एलईएफ) दिशा-निर्देशों का अनुपालन कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि औद्योगिक समूह अडानी के शेयरों में आई भारी गिरावट के बाद आशंका जताई जा रही है कि बहुत से बैंकों का समूह को दिया ऋण डूब सकता है। इससे देश का बैंकिंग क्षेत्र प्रभावित होगा। इसी चिंता पर केन्द्रीय बैंक ने एक वक्तव्य में कहा कि आरबीआई सतर्क रहता है और भारतीय बैंकिंग क्षेत्र की स्थिरता पर लगातार नजर बनाए हुए है। आरबीआई के वर्तमान आकलन के अनुसार बैंकिंग क्षेत्र लचीला और स्थिर बना हुआ है। पूंजी पर्याप्तता, परिसंपत्ति गुणवत्ता, तरलता, प्रावधान कवरेज और लाभप्रदता से संबंधित विभिन्न मानदंड स्वस्थ हैं। बैंक ने कहा कि ऐसी मीडिया रिपोर्टें आई हैं जिनमें एक व्यावसायिक समूह (अडानी समूह) के लिए भारतीय बैंकों के जोखिम के बारे में चिंता व्यक्त की गई है। आरबीआई ने आश्वस्त किया कि नियामक और पर्यवेक्षक के रूप में बैंकों की वित्तीय स्थिरता और प्रत्येक बैंक पर निरंतर निगरानी बनी हुई है। हमारे पास बड़े ऋणों की जानकारी से जुड़ा एक डेटाबेस (सीआरआईएलसी) है। बैंक अपने 5 करोड़ रुपये और उससे अधिक के जोखिम की जानकारी देते हैं। इस जानकारी का उपयोग निगरानी उद्देश्यों के लिए किया जाता है।

2027 तक ताइवान पर हमला करेगा चीन: अमेरिका

वाशिंगटन: चीन और ताइवान के बीच जारी तनाव के बीच अब अमेरिका ने डराने वाली चेतावनी दी है। अमेरिका ने चेताया है कि वर्ष 2027 तक चीन की सेना ताइवान पर हमला करेगी। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के निदेशक का दावा है कि चीनी राष्ट्रपति अपनी सेना को हमले का आदेश दे चुके हैं। सीआईए के निदेशक विलियम बर्न्स ने कहा है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की ताइवान से संबंधित महत्वकांक्षा को कम करके नहीं आंका जाना चाहिए। खुफिया जानकारी का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपनी सेना को 2027 तक ताइवान पर हमले का आदेश दे रखा है। अमेरिकी खुफिया चीफ ने स्पष्ट किया कि इसका यह निष्कर्ष नहीं निकाला जाना चाहिए की चीनी राष्ट्रपति ने 2027 में ही ताइवान पर हमले की योजना बनाई है।

जम्मू-कश्मीर: जमीन हड़पने वालों की खैर नहीं

कश्मीर: बड़े दिन बाद जम्मू-कश्मीर में बुलडोजर चल रहा है। क्या नेता, क्या अफसर, सब इस बुलडोजर के निशाने पर हैं। नेता भी किसी एक पार्टी के नहीं, नेशनल कान्फ्रेंस और कांग्रेस ही नहीं, भाजपा नेताओं और उनके रिश्तेदारों पर भी गाज गिर रही है। दरअसल, कश्मीर प्रशासन ने इन दिनों अतिक्रमण विरोधी मुहिम छेड़ रखी है। सरेआम अतिक्रमण पर बुलडोजर चल रहा है। हालाँकि जिनका अतिक्रमण हटाया जा रहा है, कुछ-कुछ बोल जरूर रहे हैं, लेकिन भारी विरोध करने की सूरत में कतई नहीं हैं। सालों हो गए, कश्मीर में नेशनल कान्फ्रेंस और

कांग्रेस का ही ज्यादातर शासन रहा। मतलब, खुद ही सरकार, खुद की ही जमीन। बेनाप जमीनें हड़पीं। बेहिसाब अतिक्रमण किया। कोई कुछ बोलने वाला नहीं। कोई कुछ कहने वाला नहीं। आठ कनाल का एक एकड़ होता है। कहते हैं- अब तक 14 लाख कनाल अतिक्रमण हटाया जा चुका है। एक अफसर के मुताबिक श्रीनगर में 22 लाख कनाल जमीन भाई लोगों ने दबा रखी है। वर्षों पहले, एक बार नेकां नेताओं के घर इनकम टैक्स वाले पहुँच गए थे। भाई लोगों ने आयकर वालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा था। लेकिन इस बार प्रशासन झुकने वाला नहीं है। इस अतिक्रमण विरोधी मुहिम की गिरफ़्त में कुछ होटल्स, कुछ प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज भी आए हैं। कार्रवाई को एकतरफा इसलिए नहीं कहा जा सकता क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता कविंदर गुप्ता पर भी अतिक्रमण की गाज गिरी है। इन्होंने 23 कनाल जमीन हड़प रखी थी। प्रशासन ने इस जमीन को भी मुक्त करवा लिया है।

पंजाब में बीएसपी-शिअद साथ लड़ेंगी लोकसभा चुनाव

जालंधर: शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल और उनकी पत्नी हरसिमरत कौर बादल बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती के दरबार में पहुंचे। दोनों ने मायावती के साथ लंच किया और गठबंधन को मजबूत बनाने पर चर्चा की। हालांकि मायावती ने पिछले दिनों एक पत्रकार वार्ता में कहा था कि बसपा 2023-24 में होने वाले सभी लोकसभा और विधानसभा चुनाव अपने बूते पर लड़ेंगी। लेकिन बैठक के बाद यह तय हो गया है कि बहुजन समाज पार्टी देश में चाहे कहीं पर भी किसी के साथ गठबंधन न करे, लेकिन पंजाब में लोकसभा चुनाव के दौरान उनका गठजोड़ कायम रहेगा। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर बादल ने बसपा सुप्रीमो के साथ जालंधर में होने वाले

लोकसभा उप-चुनाव को लेकर भी चर्चा की। इसकी जानकारी खुद उन्होंने ट्वीट के माध्यम से भी दी है।

पंजाब को छोड़कर कहीं वोट ट्रांसफर नहीं हुआ: मायावती ने कहा कि बसपा को अकाली दल के नेताओं पर पूरा भरोसा है कि वह भी बसपा की तरह अपना वोट हमारी पार्टी को ट्रांसफर कराने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। ताकि गठबंधन का फायदा हो, ज्यादा से ज्यादा उम्मीदवार चुनाव जीत अच्छा मैसेज दे सकें। मायावती ने अकाली नेताओं को बताया कि चुनाव के दौरान राज्य स्तर पर अभी तक जो भी गठबंधन किए हैं उससे केवल पंजाब को छोड़कर, हमारी पार्टी की तरह उनका वोट हमें ट्रांसफर नहीं होने के कारण हानि हुई है।

गठबंधन के लोकसभा चुनाव में आएंगे अच्छे नतीजे: बसपा प्रमुख ने सुखबीर बादल और हरसिमरत कौर बादल से हुई मुलाकात के बाद लगतार तीन ट्वीट किए। शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर बादल व बहुजन समाज पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की दिल्ली में हुई बैठक में पंजाब में अगले लोकसभा चुनाव में पुराने आपसी गठबंधन की मजबूती व बेहतर तालमेल आदि पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में आगे की रणनीति पर लाभकारी बातचीत हुई।

रेलवे की 25 हजार टिकटिंग कैपेसिटी को 2.25 लाख प्रति मिनट करने की योजना : अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि तेज, सुरक्षित और पारदर्शी ई-टिकटिंग के लिए विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे अपनी टिकट जारी करने की क्षमता को 25,000 से बढ़ाकर 2.25 लाख प्रति मिनट और पूछताछ को 40,000 से बढ़ाकर चार लाख प्रति मिनट करने की योजना बना रहा है। रेल मंत्री वैष्णव ने रेल भवन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में आम बजट में रेलवे के आवंटन एवं नये वित्त वर्ष के लक्ष्यों की जानकारी दी। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष रेलवे को अब तक का सबसे अधिक रिकॉर्ड 2.40 लाख करोड़ आवंटन किया है। उन्होंने कहा कि इससे रेलवे की अवसंरचना के विकास में बहुत तेजी आएगी। वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे दुनिया की पहली ऐसी रेल सेवा होने वाली है जिसका ट्रेन कंट्रोल सिस्टम एवं संरक्षा तंत्र कवच आधुनिक 5 जी संचार तकनीक पर आधारित होगा। यही नहीं रेलवे ने इसी साल अपने यात्री आरक्षण प्रणाली की क्षमता दस गुना बढ़ाने की भी योजना बनायी है। उन्होंने कहा कि हम यात्री आरक्षण प्रणाली के बैक-एंड इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करने की योजना बना रहे हैं। वर्तमान में टिकटिंग की क्षमता लगभग 25,000 टिकट प्रति मिनट है। इसे 2.25 लाख प्रति मिनट तक अपग्रेड करने का लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा कि पूछताछ काउंटर की क्षमता को भी 40,000 प्रति मिनट से बढ़ाकर चार लाख प्रति मिनट कर दिया जाएगा।

खबर संक्षेप

अमर फिलिंग स्टेशन का भव्य उद्घाटन आज

सहसों। क्षेत्र के नरई बाबूगंज स्थित अमर फिलिंग स्टेशन का भव्य उद्घाटन आज 4 फरवरी को दोपहर 12 बजे पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश शासन सिद्धार्थ नाथ सिंह एवं महामंडलेश्वर सतुआ बाबा संतोष दास जी महाराज मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा होगा। जिसमें फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल, क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल एवं जिला अध्यक्ष गंगापार अश्विनी दूबे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी अरुणेंद्र यादव डब्बू प्रमुख बहादुरपुर ने दी।

दो पक्षों में मारपीट 6 लोग घायल

जारी। गुरुवार को रात 8 बजे कौंधियारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जारी बाजार में दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसमें दोनों पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्षों को काफी चोटें आई थी।जिसमें प्रथम पक्ष की दीक्षा अग्रहरी पुत्री मनोज कुमार अग्रहरी निवासी जारी बाजार की लिखित तहरीर पर थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या धारा 323, 504, 506 452, 427 आईपीसी बनाम अर्जुन दास अग्रहरी आदि 03 नफर पंजीकृत किया गया है।

शुआट्स के प्रो वीसी और असिस्टेंट फाइनेंस कंट्रोलर को जेल

अवैध नियुक्ति के मामले में कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। नैनी स्थित सैम हिग्गिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स) में अवैध तरीके से 69 पदों पर नियुक्ति मामले में शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई हुई। प्रति कुलपति डॉ. सर्वजीत हर्बट व असिस्टेंट फाइनेंस कंट्रोलर अशोक संदीप सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। दोनों को एक दिन पहले हिरासत में लिया गया था। उन्हें पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। फिर पूछताछ के बाद कोर्ट की अनुमति से जेल भेज दिया गया।एक दिन पहले एसटीएफ प्रयागराज इकाई की ओर से नैनी थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। आरोप है कि 1984 से 2017 तक कुल 69 पदों पर असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रोफेसर व एसोसिएट प्रोफेसर के पदों पर मानक के विपरीत नियुक्तियां की गईं। इसमें तमाम मानकों को ताक पर रखकर चहेतों की नियुक्ति कर ली गई। गिरफ्तार प्रो वीसी मूल रूप से गोरखपुर का रहने वाला है। वह यहां लंबे समय से तैनात था। इसके अलावा अशोक सिविल लाइंस में रहता था।

कार्रवाई करती पुलिस

वीसी समेत नौ की तलाश जारी

एफआईआर में गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के अलावा वीसी आरबी लाल व उनके दोनों भाइयों समेत नौ अन्य को नामजद किया गया है। उनकी तलाश जारी है। इनमें कुलाधिपति जेए ऑलिवर, तत्कालीन रजिस्ट्रार अजय कुमार लॉरेंस, प्रतिकुलपति सुनील बी लाल, तत्कालीन निदेशक एचआरएएम बिनोद बिहारी लाल, रजिस्ट्रार रॉबिन एल प्रसाद, तत्कालीन वित्त निदेशक स्टीफेन दास, डीन डॉ. मोहम्मद इम्तियाज, तत्कालीन निदेशक एचआरएम रंजन ए जॉन शामिल हैं। मामले में अन्य अज्ञात प्रशासनिक अधिकारियों व सहयोगियों को भी आरोपी बनाया गया है।

अर्जी मंजूर, आज कस्टडी रिमांड पर

गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पुलिस शनिवार को कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। गिरफ्तारी के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। यहां पुलिस की ओर से कस्टडी रिमांड के लिए अर्जी दी गई। कहा गया कि मामले में अभी नौ आरोपियों की तलाश जारी है। इसके अलावा साक्ष्य संकलन के लिए गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ किया जाना जरूरी है। इसके बाद कोर्ट ने अर्जी स्वीकार कर ली। कोर्ट ने चार फरवरी को सुबह आठ से शाम पांच बजे तक के लिए कस्टडी रिमांड मंजूर की है। नैनी पुलिस सुबह आठ बजे जेल में पहुंचकर दोनों को हिरासत में लेगी।

गांव के विकास में ग्रामीणों की भूमिका महत्वपूर्ण : एचपी वर्मा

अखंड भारत संदेश

फूलपुर। ग्राम चौपाल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का त्वरित रुप से निस्तारण करना है। गांव में चौपाल लगने से अधिकारियों एवं ग्रामीणों में सीधा संवाद बना रहते हैं जिससे विकास कार्यों को गति भी मिलती है और ग्रामीणों के आपसी सहयोग से कठिनाइयों को भी आसानी से हल कर लिया जाता है। उक्त बातें शुक्रवार को फूलपुर विकास खण्ड के वीरकाजी गांव में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए खण्ड विकास अधिकारी हनुमान प्रसाद वर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि गांव के विकास में ग्रामीणों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। एडीओ पंचायत गुलाब चंद्र पांडेय ने कहा कि जन्म मृत्यु का पंजीयन ग्रामीण समय से कराए तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए शौचालय का ही प्रयोग करें। उन्होंने बताया की सरकार का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना है। इसलिए ग्रामीण सजग रहते हुए अपने गांव के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। किसी भी समस्या व शिकायत पर अधिकारियों को अवगत कराएं। इस दौरान ग्राम पंचायत में चल रही विकासपरक योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। मौके पर समाज कल्याण अधिकारी अखिलेश यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी शशि यादव, प्रवीण,शोभनाथ, मीनाक्षी,राम चन्द्र तुफानी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

वीरकाजी गांव में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते बीडीओ एच पी वर्मा व एडीओ पंचायत गुलाब चंद्र पांडेय

बकाया पैसा न मिलने पर व्यापारी को एमपी में बंधक बनाया

मऊआइमा। मऊआइमा के हरी मटर व्यापारी को मध्यप्रदेश में बंधक बनाकर कर रखने और पैसों की मांग की न देने पर हत्या की धमकी देने पर पुलिस आयुक्त के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा के बांकाजलालपुर बडका पुरवा गांव निवासनीय साफिया बेगम पत्नी भाई जान का आरोप है कि उसके पति सब्जी के कारोबारी हैं। आरोप है कि पन्द्रह दिन पूर्व भाईजान हरी मटर लेकर मध्यप्रदेश बेचने गए। आरोप है कि पैसों के लेन देन को लेकर उसके पति भाईजान को बंधक बना लिया गया। तथा उससे बराबर फोन कर-के लाखों रुपये मांगा जा रहा है। तथा पैसा न मिलने पर हत्या कर देने की धमकी दी जा रही है। साफिया बेगम ने इसकी फरियाद पुलिस आयुक्त से लगायी। जिनके आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने मध्यप्रदेश के गोवनसिंहपुर निवासी विनोद कुमार शर्मा उर्फ डाक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

न्यायालय के आदेश पर अभियुक्त के घर पर चस्पा की उद्घोषणा नोटिस

सोरांव। स्थानीय थाना में तैनात उप निरीक्षक मनोज कुमार राय ने 8 मुकदमे के वांछित अभियुक्त के घर पर माननीय न्यायालय के आदेश पर गुरुवार को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 82 के तहत उद्घोषणा की नोटिस को देर शाम चस्पा कर दिए। जिससे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार भू माफियाओं ने सिर्फ दो विश्वा जमीन खरीदकर उसमे ओबिडिएंट इंफ्रा डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी खोलकर करोड़ों की जमीन को फर्जी व कूटरचित तरीके से अभिलेख को तैयार करके भू माफियाओं ने प्रयागराज के कई स्थानों पर लगभग बीस बीघा जमीन का बैनामा कर दिए। मामला प्रकाश में आने पर पीड़ित पक्ष के लोगों ने प्रयागराज जिले के विभिन्न थानों में 8 मुकदमे दर्ज करवा दिए हैं। जिसमें से सोरांव थाना में तीन, धूमनगंज थाने में दो, कर्नलगंज थाने में एक व जॉर्ज टाउन थाने में दो मुकदमे दर्ज है। गौरतलब है कि अनुज कुमार पाल व पूनम पाल जो कि पति पत्नी हैं। तथा जॉर्ज टाउन प्रयागराज के निवासी है। जो सूरज सिंह पुत्र धीरेंद्र सिंह निवासी त्रिवेणीपुरम झूसी व अभिषेक सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी जैतवार डीह थाना थरवई से मिलकर एक ओबेडिएंट इंफ्रा डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी खोली। जिसके निदेशक अनुज पाल व पूनम पाल थे। उक्त लोगों ने भिन्न-भिन्न स्थानों में लगभग 20 बीघा जमीन जिसकी लागत लगभग 40 करोड़ रुपए है। बेच कर रुपए हड़प लिए। जिसकी शिकायत संबंधित पीड़ितों ने संबंधित थानों में करके उक्त चारों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिए। जिसमे पीड़िता तेलियरगंज निवासिनी सरिता सिंह पत्नी सुरेश सिंह ने बीते 16 जून 2022 को सोरांव थाने में उक्त लोगों के ऊपर कूट रचित दस्तावेज तैयार करवा कर जमीन की रजिस्ट्री करवाने संबंधित मामले सोरांव थाने में दर्ज करवा दिया था। जिसको लेकर उसी समय दो अभियुक्त व कंपनी के निदेशक पूनम पाल व अनुज पाल को पुलिस ने अरेस्ट कर जेल भेज दिया था। तथा शेष दो अभियुक्त सूरत सिंह पुत्र धीरेंद्र सिंह व अभिषेक सिंह पुत्र अशोक सिंह जो कि मुकदमे में वांछित चल रहे हैं। माननीय न्यायालय के आदेश पर गुरुवार को सहायक पुलिस अधीक्षक सोरांव आईपीएस चिराग जैन के अथक परिश्रम से व थाना प्रभारी अशोक कुमार के सहयोग से थाने के तेज तर्राक उप निरीक्षक मनोज कुमार राय ने अपने साथियों के साथ वांछित चल रहे उक्त दो लोगों के घर पर उद्घोषणा की नोटिस चस्पा कर सोरांव पुलिस विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

डॉं. बाबूलाल तिवारी के शिक्षक एमएलसी निर्वाचित होने पर भाजपाईयो में जश्न

अखंड भारत संदेश

घूरपुर। इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य हेतू भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉं. बाबूलाल तिवारी के 3 फरवरी 2023 शुक्रवार सुबह रिटर्निंग आफीसर झासीं द्वारा निर्वाचित घोषित किए जाने से यमुनापार के भाजपाईयो सहित शिक्षको मे डॉं. बाबूलाल तिवारी के निर्वाचित होने से जश्न का माहौल है। जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने जीत की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉं. बाबूलाल तिवारी की जीत शिक्षको व शिक्षा जगत के विकास और निर्णयो से कीर्तिमान स्थापित करेगा। यमुनापार जिला शिक्षक चुनाव संयोजक जिला महामंत्री विक्रमादित्य मौर्य,जिला सह संयोजक जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी,जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी,जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा सुभाष सिंह पटेल,जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा सुधीर साहू बऊवा,आईटी जिला संयोजक शतीश विश्वकर्मा आदि ने जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए एक दूसरे को लड्डू खिलाकर पटाखें फोड़ते हुए जीत का जश्न मनाते हुए मतदाताओं एवं कार्यकर्ताओ का आभार जताया है। वही डॉं. बाबूलाल तिवारी गुरूवार को मतगणना चालू होते ही बढ़त बनाए रहें और अंत मे निर्वाचित घोषित किए गए।

शिक्षक विधायक चुनाव में भाजपा की शानदार जीत पर कार्यकताओं में हर्ष

सहसों। उत्तर प्रदेश की असेंबली में विधान परिषद के शिक्षक विधायक के चुनाव परिणाम शानदार आने पर भाजपा कार्यकताओं ने हर्ष के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। विधान परिषद में शिक्षक विधायक चुनाव परिणाम आने पर भाजपा कार्यालय सहसों पर एक बैठक भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गंगापार अमरनाथ तिवारी की अध्यक्षता में की गई। जिसमें बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार एवं भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने निर्वाचित सदस्यों को बड़े हर्ष के साथ बधाई देते हुए कहा झांसी प्रयागराज शिक्षक विधायक विधान परिषद सदस्य भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर बाबूलाल तिवारी की जीत पर भाजपा कार्यकताओं में खासा खुशी व्याप्त है। उन्होंने कहा यह जीत केन्द्र एवं प्रदेश की लोकप्रिय सरकार व पीएम मोदी एवं सीएम योगी द्वारा गरीबों, महिलाओं, शोषितों, छात्र-छात्राओं के पति चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं तथा पीएम किसान योजना, आवास योजना, शौचालय योजना, निःशुल्क अन्न योजना का सफल परिणाम है। उन्होंने कहा डबल इंजन की सरकार में तमाम जन विकास, देश विकास के कारण भाजपा को प्रदेश में शिक्षक विधायक के रूप में विधान परिषद सदस्य के लिए 5 में से 4 भाजपा प्रत्याशी की शानदार जीत हुई है। जिससे हम सभी भाजपा गंगापार की तरफ से खुशी व्यक्त करते हैं एवं शुभकामना के साथ बधाई देते हैं। इस अवसर पर कार्यकताओं ने हर्षोल्लास से मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। बैठक को प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, प्रमुख सहसों गीता सिंह, प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव डब्बू एवं राकेश बहादुर सिंह ने भी संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित सदस्य को बधाई दी। इस मौके पर प्रमुख रूप से जितेंद्र पटेल, राजधर द्विवेदी, चन्द्रेश कुमार केसरवानी, संजय सिंह, अनिल सरोज, महेश सिंह, राजेश सरोज, अमन सिंह राजपूत, राजेंद्र यादव, अनिल पटेल, संतोष सिंह, अंकित राज, रामसागर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डॉक्टर बाबूलाल तिवारी की जीत वित्तविहीन शिक्षकों की जीत : पंकज तिवारी

सिरसा। प्रयागराज इलाहाबाद झांसी शिक्षक विधान परिषद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर बाबूलाल तिवारी की जीत पर अखिल भारतीय वित्तविहीन विद्यालय संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री पंकज तिवारी जी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बाबूलाल तिवारी की जीत वित्तविहीन शिक्षकों की जीत है। इलाहाबाद झांसी शिक्षक बिहार गजत के समस्त वित्तविहीन शिक्षकों ने बाबूलाल तिवारी को निर्वाचित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वित्तविहीन शिक्षकों ने एकमत होकर के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉक्टर बाबूलाल तिवारी को अपना मतदान करके विजई बनाने का कार्य किया है। इलाहाबाद झांसी के समस्त वित्तविहीन शिक्षकों को बहुत-बहुत बधाई एवं धन्यवाद देते हुए श्री तिवारी ने कहा कि बाबूलाल तिवारी वित्तविहीन शिक्षकों की बातों को सदन में जोरदार तरीके से रखने का प्रयास करेंगे। और वित्तविहीन शिक्षकों के लिए संघर्ष करेंगे। बधाई देने वाले में श्री दिलीप सिंह ,नरेंद्र कुमार तिवारी ,अशोक कुमार द्विवेदी, डॉ सुनील शुक्ला, ज्ञान शंकर मिश्रा , परविंदर सिंह ,रूद्र त्रिपाठी, मुकेश पटेल ,डॉक्टर डीपी यादव, आदि लोग थे।

जंघई बाजार में सड़क पर बह रहा दूषित पानी, आवागमन बाधित

जंघई। जंघई में पुरानी पोस्ट आफिस वाली गली में सड़क गड्ढे में परिवर्तित हो चुकी है जिसमें दूषित पानी इकट्ठा हो रहा है और गंदगी के कारण आम जनमानस परेशान है।स्थानीय लोगों ने बताया कि लोगों के घरों से निकलने वाला पानी नाली न होने के कारण टूटी सड़क के गड्ढे में भर जाता है जिसके कारण वर्षों से आवागमन बाधित हो रहा है।नाली, सड़क दोनों का निर्माण होना अति आवश्यक है ताकि आवागमन सुचारू रूप से हो सके। आवागमन बाधित होने के कारण बाजार में खरीदारी करने वाले लोग भी नहीं आते दूसरी जगह चले जाते हैं जिसके कारण व्यापारियों की दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। इकट्ठा दूषित पानी के कारण तमाम बीमारी फैलने की आशंका है बाजार के निवासियों की मांग है कि सड़क की मरम्मत हो और जल निकासी के लिए नाली का निर्माण हो ताकि आवागमन सुचारू रूप से हो सके। महेंद्र जायसवाल, सोनू जायसवाल, अजीत जायसवाल, अशोक जायसवाल, दीपक जायसवाल, शिव मुरारी जायसवाल, पन्ना लाल जायसवाल, नवजीवन जायसवाल, गंगा जायसवाल, प्रेम जायसवाल, कृष्ण कुमार जायसवाल, डॉ दीपचंद्र चौरसिया, बाबा शर्मा, राजनाथ शर्मा, भुल्लन सोनी, मुन्ना राईन, चुन्ना राईन, पप्पू राईन, मो. जावेद, सेबू राईन, शंकर लाल यादव, विनय यादव, प्रेम यादव आदि लोगों ने समस्या को हल करने की मांग किया है।

युवक हुआ जहर खुरानी का शिकार

शंकरगढ़। शंकरगढ़ के गाढ़ा कटरा निवासी एक रिक्शा चालक जहर खुरानी का शिकार हो गया,युवक ने घटना की सूचना पुलिस को दी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। विनोद कुमार पुत्र जयनारायण निवासी गाढ़ा कटरा शंकरगढ़ ने बताया कि वह ई रिक्शा चालक है।गुरुवार की शाम कुछ लोगों ने ई रिक्शा बुक किया और रानीगंज के पास चाय पिलाया और बसहरा पहुंचते ही वह बेहोश हो गया।विनोद के अनुसार उन लोगों ने चाय में बेहोशी की दवा मिलाकर पिला दिया और बसहरा के पास बेहोश होने पर चालक को सड़क पर फेंककर ई-रिक्शा, मोबाइल और पर्स लेकर बदमाश हुआ फरार हो गए।विनोद कुमार के मुताबिक शुक्रवार को इन्होंने पुलिस को सूचना दी है।

4000 किलोमीटर पैदल चलकर आए इलाहाबाद के अक्षय यादव क्रांतिवीर का जोरदार स्वागत

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा में इलाहाबाद से एकलौते भारतयात्री अक्षय यादव क्रांतिवीर 5 महीने के सफर में 14 राज्यों के भ्रमण 75 जिले से कनेक्ट होते हुवे राहुल गांधी जी के साथ कदम से कदम मिलाकर कन्याकुमारी से कश्मीर तकरीबन 4000 किलोमीटर चलकर देश मे हो रहें नफरती ताकत के खिलाफ डट कर खड़े हुवे, नफरत हिंसा महगाई बेरोजगारी महिला सुरक्षा किसानों-मजदूरों के ऊपर हो रहें अत्याचार,छात्रों नौजवानों के भविष्य के साथ हो रहें खिलवाड़,लोकतंत्र संविधान को बचाने की यह यात्रा सत्य अहिंसा सत्याग्रह के रास्ते पूर्ण हुवी।

लोगो मे दिल से दिल मिलाते, विभेदता के खिलाफ यात्रा रही।मैं देश भर में पैदल चलने के बाद मैं कह सकता हूँ -तमाम विविधता के वावजूद हमारे देश का दिल एक है,सत्ता की कुर्सी को हथियाने के लिए लगातार लोगों ने इनके भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है जबकि हमारा देश प्यार की राजनीति को पसंद करने वाला देश है।संगठन एनएसयूआई अक्षय यादव क्रांतिवीर को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इलाहाबाद आगमन पर छात्रों ने जोरदार स्वागत किया। जिसमे एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर ने हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के बारे में लोगो को बताया और घर घर यह संदेश पहुचाने की बात की।कार्यक्रम दौरान-प्रदेश प्रवक्ता चंद्रशेखर अधिकारी, प्रदेश महासचिव अजय पांडेय, इकाई अध्यक्ष आदर्श भदौरिया, महासचिव गौरव, प्रीतम चंद्रा, धीरेंद्र सिंह,देवेंद्र सिंह, बीरेंद्र यादव, आशुतोष पृथ्वीराज, अरबाज खान, सागर सोनकर, सौरभ द्विवेदी, जगत मौर्या, वैभव सिंह।

न्यूज झरोखा

समाजसेवी ने बुजुर्गों को माघ मेले में गंगा स्नान कराया

जंघई। विगत 5 वर्षों की भांति इस वर्ष भी समाजसेवा में हर क्षण तत्पर रहने वाले भोगीपुर सेमरी जंघई गांव निवासी दिनेश लालचंद ऊमर वैश्य द्वारा 2 फरवरी को बस द्वारा अपने गांव के बुजुर्गों को माघ मेला प्रयागराज में ले जाकर गंगा स्नान करवाया गया तथा भंडारे का आयोजन करके लोगों को भोजन कराया गया।दिनेश द्वारा गंगा स्नान कराने की पहल 5 वर्ष पूर्व की गई थी जिनकी सोच ये थी कि ये कार्य प्रेरणादायक बने और हर एक गांव के लोग बुजुर्गों को गंगा स्नान अपने अपने स्तर से कराएं। इस कार्य मे जनकल्याण सेवा संघ के सभी सदस्य एवं संस्थापक रोहित ब्राह्मण विशेष योगदान रहता है।गंगा स्नान कराने के बाद सभी बुजुर्ग एवं महिलाओं को दिनेश उमरवैश्य द्वारा भोजन प्रसाद भी कराया जाता है जिसमें कन्हैया लाल उमरवैश्य, गुलाब गुप्ता, संजय, नंदलाल, शिव गुप्ता, बाबा ऊमर वैश्य साथ का भरपूर सहयोग मिलता है।

ग्राम सभा सेमरी में चौपाल लगाकर सुनी गई समस्या

सहसों। विकास खण्ड सहसों के ग्राम सभा सेमरी में एक चौपाल कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार सिंह, एडीओ पंचायत नरेंद्र दूबे एवं ग्राम प्रधान बलबीर सिंह की मौजूदगी में पात्र लाभार्थियों ने अपनी अर्जी देकर नाली, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग, आवास, शौचालय, पेंशन आदि समस्याओं को बताया जिस पर समाधान के लिए अधिकारियों से आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , अविनाश सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी, पंचायत सहायक एवं रोजगार सेवक आदि लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बलीपुर में भी चौपाल कार्यक्रम आयोजन हुआ। जिसमें विजय कुमार गौतम एडीओ आईएसबी, ग्राम प्रधान शमशेर बहादुर , ग्राम विकास अधिकारी मौलिक मौर्य आदि लोग उपस्थित होकर जरूरतमंद ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पंचायत मऊआइमा में शुरू हुआ दस्तक अभियान

मऊआइमा। नगर पंचायत मऊआइमा में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शुरू हुआ दस्तक अभियान, निकाली गई प्रभात फेरी। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शुरू हुआ दस्तक अभियान के तहत दुकानदारों, गृहिणी, अन्य लोगों को जागरूक किया गया कि वह कूडों को इधर उधर न फेंकें नगर पंचायत द्वारा संचालित डोर टु डोर ई रिक्शा, तथा तमाम प्रकार की कूडा गाडियों में सूखा और गीला कूडा अलग अलग दें । ताकि नगर पंचायत मऊआइमा हमेशा की तरह स्वच्छ बना रहे। कूडों को नालियों में कतई न फेंकें। इस स्वच्छता भारत मिशन की निकाली गई रैली में सभी सफाई कर्मचारी ,एंव नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारी जिसमें वरिष्ठ लिपिक हीरालाल ,मोहम्मद आजम ,कम्प्यूटर ऑपरेटर आशीष कपूर ,वलीद अंसारी,रक्सान मेराज ,शिवकुमार ,कुल्लू ,इनायत उल्ला आदि मौजूद थे।

सर्वश्रेष्ठ अनुशासन के लिए बच्चे पुरस्कृत

शंकरगढ़। न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल शंकरगढ़ में सर्वश्रेष्ठ अनुशासन में रहने वाले बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। अनुशासित बच्चों को पुरस्कृत करते हुए विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश चंद्र मिश्रा ने कहा कि अनुशासन ही व्यक्ति को महान बनाता है।जो व्यक्ति अनुशासित रहता है निश्चित ही वह जीवन में सफल होता है। एक अनुशासित समाज ही एक महान देश का निर्माण कर सकता है। इस अवसर पर कक्षा 9 की ज्योति सिंह, 8 से आदित्य वर्मा, 6 से अपूर्व निगम, 5 से राहिल इस्लाम खान, खुशी सिंह, ओम प्रकाश आदि बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य वेद प्रकाश मिश्रा, बी एल सोनी ,सत्येंद्र द्विवेदी, ओम प्रकाश गुप्ता, ओपी सिंह, जाह्नवी जायसवाल, वैशाली सिंह, साक्षी पांडे सहित सभी शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

एमएलसी चुनाव जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी

जसरा। भारतीय जनता पार्टी मंडल जसरा यमुनापार प्रयागराज में शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी डॉक्टर बाबूलाल तिवारी जी के प्रचंड जीत पर भाजपा के कार्यकताओं के द्वारा जीत पर मनाया गया जश्न जिसमें मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला की अध्यक्षता में जिला मंत्री श्री कमलेश त्रिपाठी जी के निर्देशानुसार श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज एवं लालचंद इंटर कॉलेज जसरा के शिक्षकों के साथ कार्यकताओं ने एक दूसरे को मुंह मीठा करा कर लड्डू खिलाया। मण्डल अध्यक्ष ने विद्यालय के प्रधानाचार्य का माल्यार्पण कर जीत की बधाई दी। जिसमें उपस्थित रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री योगेंद्र सिंह ,कुलभूषण मिश्र, समस्त स्टाफ एवं लालचंद इंटर कॉलेज के अध्यापक बंधु जसरा के प्रधान आशीष सोनकर, दीप चंद गुप्ता, आलोक पाठक,राकेश पाठक, जयप्रकाश त्रिपाठी, आलोक द्विवेदी, भूपेंद्र पाठक, उदित मिश्रा , बच्चा मालवीय,अमित पासी,राम केसरवानी, जय कुमार मिश्रा, कृपा शंकर तिवारी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

63 साल की आयु में पहली बार मनाया जन्मदिन

उतरांव। कहा जाता है कि इंसान के ख्वाहिशों की कोई इंतहा नहीं होती। यह भी सच है कि अधूरी ख्वाहिशें ही जीने का मजा देती हैं। ऐसी ही कुछ ख्वाहिश जीवन में 63 बसंत देख चुके दशरथ लाल गुप्ता की थी, जो गुरुवार को पूरी हुई। दरअसल, दशरथ लाल जब भी छोटे बच्चों को जन्मदिन मनाते देखते तो उन्हें अफसोस होता कि उनका कभी जन्मदिन नहीं मनाया गया। पहले के समय में जन्मदिन मनाने का उतना प्रचलन था भी नहीं। भाजपा के वरिष्ठ नेता दशरथ लाल की दिली इच्छा थी कि उनका भी जन्मदिन बच्चों की तरह धूमधाम से मनाया जाए। बातों बातों में उन्होंने एक दिन अपने पुत्र सफल ब्यवसाई राकेश गुप्ता को बताई। उसी दिन पुत्र राकेश गुप्ता ने तय किया कि इस बार पिताजी का जन्मदिन बच्चों की तरह धूमधाम से मनाया जाएगा। गुरुवार 2 फरवरी को दशरथ लाल गुप्ता ने जीवन के 63 वर्ष पूरे कर 64वें साल में प्रवेश किया। इस मौके पर घर में जन्मदिन की सारी तैयारियां की गई। पूरे घर को बैलूनों से सजाया गया। जगह-जगह हैप्पी बर्थडे के स्टीकर लगाए गए। दशरथ लाल की उम्र के मित्रों को सम्मान पूर्वक घर बुलाया गया। उनके सिर पर बच्चों की तरह रंगीन टोपी पहनाई गई। जन्मदिन के लिए खूबसूरत सा केक लाया गया। इसके साथ ही घर तालियों की गड़गड़ाहट एवं "हैप्पी बर्थडे टू यू" की आवाज से गूंज उठा। बुजुर्ग साहू के चेहरे पर मुस्कान खिल उठी। समाजसेवी डॉ कौशर अली ने शॉल ओढ़ाकर दशरथ लाल गुप्ता को सम्मानित भी किया। यह सब देख मौके पर मौजूद लोगों के मुंह से बरबस ही निकल उठा- दिल तो बच्चा है जी।उक्त अवसर पर बलवंत पटेल,मनोज पटेल, समाज सेवी डाक्टर कौशर अली,पूर्व जिला पंचायत सदस्य लल्लू गौतम,प्रधान सुनील भारती,नसीम अंसारी,अनिल गुप्ता उर्फ पप्पू ,संजय मौर्य,विजय कुशवाहा अपरेटर,श्याम लाल जयसवाल पूर्व सब इंस्पेक्टर,सुनील पटेल,अखिलेश आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद के स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन कर किया शुभारम्भ

सबको सस्ता, समय से व सुलभ न्याय प्राप्त हो, इसके लिए सबकों मिलकर करना होगा प्रयास, मल्टीलेवल पार्किंग एवं अधिवक्ता चेम्बर का निर्माण कार्य पूर्ण होने अधिवक्ताओं को प्राप्त होगी बेहतर सुविधा, अधीनस्थ न्यायालयों में भी अधिवक्ताओं के चेम्बर बनाये जाने के लिए तेजी के साथ किए जा रहे कार्य

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने शुक्रवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि प्रयागराज की धरती पर पूरा प्रदेश व पूरा देश मां गंगा, मां यमुना एवं मां सरस्वती के संगम पर पवित्र स्नान करके कुम्भ व माघ मेले के इस आयोजन के साथ अपने आप को सहभागी बना के जीवन में सफलता के मार्ग का अनुश्रवण करने का एक संकल्प लेता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का प्रत्येक नागरिक अपनी न्याय की अभिलाषा में प्रयागराज की इस धरती में आता है। कहा कि बार और बेंच के बेहतर समन्वय कार्यक्रम को बार एसोसिएशन के माध्यम से देख रहा हूं। उन्होंने कहा कि वास्तव में यह अधिवक्ता कुम्भ ही है। यह हम सब का सौभाग्य ही है कि प्रयागराज की धरती हम सब के लिए प्राचीन काल से ही प्रेरणा की धरती रही है। यह धर्म की धरती है तथा यहां से आध्यात्म की प्रेरणा होती है। देश के अंदर शिक्षा के एक प्रमुख केन्द्र के रूप में प्रयागराज का नाम आता है। भारत का पहला गुरूकुल यहीं पर स्थापित हुआ था और प्रयागराज हमारा न्याय का पवित्र मंदिर भी है। यहां पर जब कोई व्यक्ति अपनों से पीड़ित होता है, प्रताड़ित होता है, जीवन की हर प्रकार की आस व विश्वास को खो देता है। बड़ी आशा भरी निगाहों से वे इस न्याय के मंदिर की ओर देखता है।मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अधिवक्ता समुदाय ने आजादी की लड़ाई में न केवल बढ़-चढ़कर भाग लिया, बल्कि देश को नेतृत्व भी दिया। देश की आजादी को नई दिशा देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी हो, भारत के संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद रहे हो, भारत के संविधान सभा के कार्यकारी अध्यक्ष श्री सच्चिदानंद सिन्हा जी रहे हो या फिर देश के संविधान को स्वरूप देने वाले बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेड़कर रहे हो, देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू रहे हो या देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री/गृहमंत्री के रूप में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी रहे हो, देश का हर वह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जिसने उस काल खण्ड में जुल्म की परवाह के बगैर लगातार देश की आजादी के लिए लड़ते रहे, उसमें अधिवक्ता समुदाय अग्रणी भूमिका में था और अपनी इस पुरातन पहचान को एक बार फिर से आगे किए जाने की आवश्यकता है। इस कार्य में इलाहाबाद हाईकोर्ट की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हर एक क्षेत्र में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने देश को नेतृत्व दिया है। पूरे देश में लोक अदालत में जितने मुकदमों का लोक अदालत में निस्तारण हुआ था, उसमें आधे से अधिक उत्तर प्रदेश के थे।मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज देश ने इस अमृत काल में कई उपलब्धियां हासिल की है, जिसमें से एक भारत ने उस ब्रिटेन देश को पछाड़ कर दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थ व्यवस्था बन गया, जिसने भारत पर वर्षों तक शासन किया था। दूसरा दुनिया के उन 20 बड़े देशों को जिन्हें जी-20 के रूप में जाना जाता है, उनका नेतृत्व अमृत काल में भारत को प्राप्त हुआ है, यह मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में ही सम्भव हुआ है। उत्तर प्रदेश में जी-20 से सम्बंधित 4 महानगरों में 11 समिट होने जा रहे है। उन्होंने कहा कि वैश्विक मंच पर उत्तर प्रदेश व देश को प्रस्तुत करने का यह एक अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हम सबका लक्ष्य एक ही है कि सबको सस्ता, समय से व सुलभ न्याय प्राप्त हो। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि आज न्याय पालिका व बार के लिए जो भी मांग की गयी है वे प्रदेश की जनता के हित के लिए है, सरकार उसे पूरा करने का पूर्ण रूप से प्रयास करेंगी। न्याय पालिका, शासन व बार के सहयोग से सबको सस्ता एवं सुलभ न्याय दिलाने की दिशा में सरकार तेजी से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यहां पर अधिवक्ताओं के लिए मल्टीलेवल पार्किंग एवं अधिवक्ता चेम्बर के निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है, इसके लिए पूर्ण धनराशि आवंटित कर दी गयी है, इसके पूर्ण होते ही बड़े पैमाने पर अधिवक्ताओं के चेम्बर वहां पर बन पायेंगे, जिसमें 2500 चेम्बर बन रहे है, जिसमें 10 हजार अधिवक्ताओं के बैठने की व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि यहां पर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी बनाये जाने के सम्बंध में कार्यवाही की जा रही है। प्रयागराज न्याय व शिक्षा की धरती है, इस यूनिवर्सिटी के बन जाने से प्रयागराज का गौरव और बढ़ेगा। यह यूनिवर्सिटी पूर्व राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के नाम पर बनायी जायेगी। उन्होंने कहा कि किसी अधिवक्ता की आकस्मिक मृत्यु पर जो आर्थिक सहायता देने की व्यवस्था 60 वर्ष तक थी, उसे बढ़ाकर 70 वर्ष करने का निर्णय कर लिया गया है। इसके साथ ही अधिवक्ता कल्याण निधि में पंजीकरण के 30 वर्ष पूर्ण होने पर त्यागपत्र देने या मृत्यु होने की दिशा में उनके आश्रितों को अधिवक्ता कल्याण निधि के तहत मिलने वाली राशि को 1.5 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने की व्यवस्था की गयी है। युवा अधिवक्ताओं को कार्य करने के लिए शुरूआती 3 वर्ष के लिए उन्हें पुस्तक व पत्रिका आदि क्रय करने के लिए दी जाने वाली राशि के वित्तीय स्वीकृति के लिए भी आदेश निर्गत किए जा चुके है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में इंट्रीग्रेटेड कोर्ट बिल्डिंग बनाने का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य पूरे देश के लिए एक मॉडल के रूप में होगा। उन्होंने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में जनपद न्यायालयों में जमीन की उपलब्धता के आधार पर अधिवक्ताओं के चेम्बर बनाये जाने हेतु कार्यवाही की जा रही है, इसके तहत प्रयागराज के जनपद न्यायालय में अधिवक्ताओं के चेम्बर के लिए 11.31 लाख रुपए अवमुक्त किए गए है। इसके साथ ही साथ कई जनपदों में अधिवक्ताओं के चेम्बर हेतु धनराशि अवमुक्त की गयी है। अधिवक्ताओं पर लोगो का विश्वास ही आपकी सबसे बड़ी पूंजी है। उस पूंजी को आपको संजोकर रखना है, उसे सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय दिलाने का प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज के इस अवसर पर जब 150 वर्ष की एक लम्बी यात्रा अनेक उतार-चढ़ाव के बावजूद की गयी है, इसके लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। मुख्यमंत्री जी ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के संशोधित बाई लॉज पुस्तक का विमोचन भी किया। इस अवसर पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के 150 वर्ष पूरा होने पर बधाई देते हुए कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन सहित अन्य अवसरों पर अधिवक्ताओं के द्वारा बढ़-चढ़कर योगदान दिया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एक अधिवक्ता ही थे, जिन्हें राष्ट्रपिता की उपाधि दी गयी। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि हम-सबके दायित्व है। उन्होंने कहा कि जूनियर अधिवक्ता सीनियर अधिवक्ताओं से सीख लें। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय को आगे ले जाने में युवा अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि मामलों के निस्तारण में बार का बहुत ही सहयोग प्राप्त हुआ है। बेंच व बार मिलकर कार्य करें, जिससे इलाहाबाद उच्च न्यायालय को और बुलंदियों पर ले जाया जा सके। उन्होंने कहा कि यहां पर अधिवक्ताओं के लिए बनाये जा रहे मल्टीलेवल पार्किंग और अधिवक्ता चेम्बर का कार्य बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इस कार्य में राज्य सरकार का सहयोग सराहनीय है। हमारे अधिवक्ताओं ने कोविड व अन्य आपदाओं में सहायता के लिए हमेशा अग्रणी भूमिका निभायी है। उन्होंने कहा कि अधीनस्थ न्यायालयों में मुकदमों का तेजी से निस्तारण किया गया है, यह उल्लेखनीय विषय है। बार एवं बेंच दोनों का कार्य जनता की सेवा करना ही है। सभी लोग आपस में समन्वय बनाते हुए कार्य करें तथा इसे और ऊंचाई पर लेकर जाये।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधाकांत ओझा ने मुख्यमंत्री जी का स्वागत करते हुए कहा कि यह धरा गंगा, यमुना, सरस्वती द्वारा सिंचित है और इस प्रांगड में न्याय की देवी का निवास है। उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट एवं इलाहाबाद बार एसोसिएशन के गौरवशाली इतिहास के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन न केवल भारतवर्ष बल्कि एशिया का सबसे बड़ा बार एसोसिएशन होने का गौरव प्राप्त कर चुका है। अपनी गौरवशाली परम्परा के साथ अंगिनत उपलब्धियों को संजोय हुए अनवरत आगे बढ़ रहा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन भविष्य की चुनौतियों को स्वीकार्य करने में पहले से अधिक सबल व सक्षम हुआ है। उन्होंने कहा कि हम अपने वरिष्ठ अधिवक्ताओं के मार्गदर्शन में हम अपने युवा अधिवक्ताओं के हित को सुरक्षित व संरक्षित करने के साथ उच्च न्यायालय की गरिमा को अक्क्षुण रखने के लिए सतत प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का अपना एक गौरवशाली इतिहास रहा है। हमने स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज तक जब भी राष्ट्र व समाज ने हमको बुलाया हमने खुद को समर्पित किया है। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले यहां के सभी अधिवक्ताओं की भूमिका को याद किया। कार्यक्रम के अंत में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री सत्यधीर सिंह जादौन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा व अन्य न्यायमूर्तिगणों के अलावा मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्रा के अलावा काफी संख्या में अधिवक्तागण व वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

श्री सच्चा अध्यात्म संस्कृत महाविद्यालय के तत्वाधान में ब्राह्मण बटुको का किया गया सामूहिक यगोपवित संस्कार

नैनी। वैदिक परंपरा के अनुसार संस्कारों के संरक्षण के , संवर्धन हेतु पूज्य पाद श्री सच्चा बाबा जी महाराज के संकल्पों के अनुसार प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारी संस्था द्वारा ब्राह्मण बटुको के उपनयन (यज्ञोपवीत) का सामूहिक आयोजन किया गया जिसमें भारतीय शास्त्र परंपरा के निर्वहन तथा भारतीय विरासत संस्कारों को सुव्यवस्थित ढंग से अपने में उतारने के लिए बटुको तथा उनके अभिभावकों को संस्कारों के बारे में भली-भांति परिचय कराते हुए ईश्वरोन्मुख होने की प्रेरणा प्रदान करते हुए पूज्य गुरुदेव स्वामी डॉ चंद्र देव जी महाराज ने बटूको को दीक्षा दी तथा लोगों से अपील किए कि यदि आम मानव जीवन को सार्थक बनना है तो संस्कारों का संरक्षण संवर्धन करना हम लोगों का परम कर्तव्य है यदि संस्कार हम लोगों के बीच नहीं रहेगा तो हम सब तमाम प्रकार की अव्यवस्थाओं से घिरे रहेंगे इसलिए समय समय पर समस्त संस्कारों का उपक्रम अपनाया जाना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीकृष्ण त्रिपाठीजी ,रमेश तिवारी, शंभूनाथ तिवारी,पंकज त्रिपाठी,राकेश अग्निहोत्री, वेद प्रकाश त्रिपाठी, अम्बेश कुमार त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों द्वारा बिजली चेकिंग अभियान चलाया

मेजा। मेजा डिवीजन क्षेत्र में बिजली के बकाया बिल वसूली, बिजली चोरी व नए कनेक्शन को लेकर विभागीय अधिकारियों ने अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व मे क्षेत्र में बिजली चेकिंग अभियान चलाया। विभागीय अधिकारियों ने क्षेत्र के बाजारों में पैदल भ्रमण करते हुए बिजली बिल जमा करने को लेकर पभोक्ताओं को जागरूक किया। साथ ही स्थानीय अधिकारियों को पन्द्रह दिवसीय कैंप में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई हेतु नसीहत दी गई है। मेजा में विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सभी विद्युत उपकेंद्रों में बकाया करोड़ों बिजली के बिल भुगतान, चोरी की रोकथाम व नए विद्युत कनेक्शन को लेकर शुक्रवार की दोपहर अधीक्षण अभियंता प्रशांत सिंह के नेतृत्व में सिरसा, रामनगर, सोनार का तारा सहित कई बाजारों में अधिकारियों ने पैदल भ्रमण कर उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करने व चोरी की रोकथाम को लेकर चेकिंग अभियान चलाया और उपभोक्ताओं को जागरूक किया। इस दौरान क्षेत्रीय उपभोक्ताओं को जागरूक करते हुए अधीक्षण अभियंता ने कहा कि सभी बकायेदार अविंलब बिल का भुगतान कर दें। साथ ही बिजली चोरी करने वालों को स्थानीय उपकेंद्रों में आयोजित कैंप में पहुंच कनेक्शन कराने को लेकर निर्देशित किया। इसके अलावा बताया गया कि सभी उपभोक्ता मोबाइल नम्बर को अवश्य केवाईसी कराएं। कैंप का समय सुबह के आठ से रात आठ बजे तक निर्धारित किया गया है। इस मौके पर अधिशाषी अभियंता राकेश तिवारी, चंद्रभूषण, अनुज अवस्थी, लवकुश कुमार, इंद्रमणि सरोज, दीपक, राजेश, दयाशंकर सहित तमाम बिजलीकर्मी रहे।

आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच जीवन में बड़े लक्ष्य हासिल करने में करती हैं मदद : आनंद कुमार

नैनी। अपने आप को कभी छोटा न समझें। आप वह हासिल कर सकते हैं जो दूसरे कर सकते हैं। सभी चीजों को आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ करें क्योंकि इससे जीवन में बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलती है। उक्त विचार प्रयागराज में पहली बार आये पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित आनंद कुमार ('सुपर 30' फेम) ने शुक्रवार को यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई), नैनी द्वारा यूनाइटेड ऑडिटोरियम में आयोजित यूनाइटेड टॉक-2023 कार्यक्रम के दौरान साझा की। यूनाइटेड टॉक यूजीआई की एक शैक्षणिक कार्यक्रम है जो छात्रों को शिक्षित और जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है। इसमें देश की प्रसिद्ध हस्तियों को छात्रों को प्रेरित करने के बुलाया जाता है। दो घंटे तक चले इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कुमार ने कहा कि वह पहली बार संगम शहर में आकर बेहद खुशी महसूस कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई) के प्रबंधन को धन्यवाद दिया। संघर्ष से सफलता तक के अपने सफर को साझा करते हुए उन्होंने 'सुपर 30' बनाने के पीछे के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि आने वाले दिनों में इसका विस्तार करने की भी योजना है। उन्होंने विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि वे जीवन में बड़ा लक्ष्य निर्धारित करें और छोटी-छोटी बातों में अपना कीमती समय बर्बाद न करें। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ सरस्वती वंदना के साथ हुई। यूजीआई के प्रेसिडेंट डॉ जगदीश गुलाटी और वाइस चेयरमैन सतपाल गुलाटी ने मुख्य अतिथि को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया।

मुख्य न्यायमूर्ति बोले : इलाहाबाद हाईकोर्ट से रहती है लोगों को ज्यादा उम्मीद, इसलिए बढ़ जाती है जिम्मेदारी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के 150वें स्थापना दिवस पर मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल न केवल बार के योगदानों के इतिहास को याद किया, बल्कि अधिवक्ताओं को उससे सीख लेने की नसीहत दी। कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के एशिया के सबसे बड़े हाईकोर्ट होने के नाते इस पर जिम्मेदारी भी सबसे अधिक होती है। देश में न्यायिक क्षेत्र में कहीं भी कुछ हो रहा हो, सबसे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट की तरफ देखा जाता है कि वहां क्या हो रहा है। इसलिए हाईकोर्ट की जिम्मेदारी भी बहुत बड़ी है।इसके पहले मुख्य न्यायमूर्ति ने अपने शुरूआती संबोधन में देश की आजादी से लेकर अधिवक्ताओं के योगदानों को याद किया। कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी अधिवक्ता थे। इसके बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू भी अधिवक्ता थे। ऐसे में देश की सबसे बड़ी बार होने से हाईकोर्ट बार एसो. के अधिवक्ताओं की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। उन्होंने अधिवक्ताओं की पीठ थपथपाई। कहा कि यहां के अधिवक्ता अपने वादियों के प्रति दृढ़ संकल्प हैं। अगर अदालतें देर तक वादों की सुनवाई कर रही हैं तो अधिवक्ता भी बैठकर अपने वादों की पैरवी करते हैं। उन्होंने अपने अनुभव को भी अधिवक्ताओं के साथ साझा किया। कहा कि हाल ही में दिवंगत हुए पूर्व केंद्रीय विधि मंत्री शांति भूषण के साथ भी काम करने का मौका मिला था। बहुत कुछ सीखने को मिला। आज के अधिवक्ताओं को भी अपने वरिष्ठों से अनुभवों को साझा करना चाहिए।

जजों के खाली पड़े पदों का भी किया जिक्र : मुख्य न्यायमूर्ति ने कार्यक्रम के दौरान जजों के खाली पड़े पदों का भी जिक्र किया। कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में जजों की कुल क्षमता 160 है, लेकिन वर्तमान में केवल 96 जज ही कार्यरत हैं। जजों की कमी से लंबित वादों की संख्या भी अधिक है। इसके बावजूद जितने केस फाइल हो रहे हैं उतने ही निस्तारित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केसों के निस्तारण में बार की बड़ी भूमिका है। यहां के जजों और अधिवक्ताओं ने कोविड के दौरान भी फ्रंट लाइन वर्कर की तरह काम किया है। **फ्लाईओवर के नीचे न बैठें अधिवक्ता :** मुख्य न्यायमूर्ति ने अधिवक्ताओं के लिए बन रही मल्टी स्टोरी पार्किंग और चैंबर्स के लिए यूपी सरकार की सराहना की। कहा कि इतना बड़ा प्रोजेक्ट कहीं और पर अभी नहीं है। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं से कहा कि वे हाईकोर्ट के सामने बने फ्लाईओवर के नीचे कुर्सी, मेज लगाकर न बैठें। उन्होंने कहा कि पेशे की एक गरिमा है, उसको बनाए रखें। फ्लाईओवर के नीचे बैठना सही नहीं है।

आज से शहर में भारी वाहनों की नो इंट्री, माघ मेले में माघी पूर्णिमा स्नान के लिए की जा रही है व्यवस्था

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। संगम तट पर चल रहे माघ मेले में पांचवां प्रमुख स्नान पर्व माघी पूर्णिमा है। मेला प्रशासन की ओर से इसकी तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार आधी रात के बाद दूसरे शहरों से आने वाले भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक रहेगा। वहीं दूसरी ओर मेला प्राधिकरण की ओर से माघी पूर्णिमा स्नान को सकुशल संपन्न कराने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। माघी पूर्णिमा पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद जताई जा रही है। स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वच्छता पर विशेष फोकस किया जा रहा है। भीड़ नियंत्रण के लिए भी इंतजाम किए जा रहे हैं।

मेला क्षेत्र में ई-रिक्शा संचालन पर प्रतिबंध

माघी पूर्णिमा पर माघ मेला क्षेत्र में ई-रिक्शा एवं टेंपों का संचालन पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। इसी तरह झूंसी के शास्त्री ब्रिज, नया यमुना पुल व पुराना यमुना पुल से ई-रिक्शा तथा टेंपों का संचालन नहीं होगा। शहरी क्षेत्र से मेला क्षेत्र की तरफ जाने वाले ई-रिक्शा और टेंपो को सीएमपी डिग्री कॉलेज, बैरहना चौराहा, संगम पेट्रोल पंप चौराहा, अलोपी मंदिर तिराहा पर ही रोक दिया जाएगा।दरअसल, बीते तीन चार दिनों तक मेला क्षेत्र के आसपास के इलाकों में भीषण जाम लगा रहा है। मेले में भी यातायात व्यवस्था ध्वस्त रही। यातायात पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, माघ मेला क्षेत्र में बनाए गए पार्किंग यदि आधे भी भरे तो मेले में वाहनों की इंट्री बंद कर दी जाएगी।

चाय विक्रेता ने किया सुसाइड,कमरे में बंद करके ब्लेड से काटा गला, परिजन बोले- डिप्रेशन में थे

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। नगर के मुट्ठीगंज कोतवाली अंतर्गत अहिराणा गली अहियापुर मोहल्ले में बृहस्पतिवार की रात एक चाय विक्रेता ने ब्लेड से गला काटकर आत्महत्या कर लिया। घरवालों को कहना है कि वह ब्लड प्रेशर का मरीज था। जिसकी वजह से डिप्रेशन में चला गया था। उसका इलाज कराया जा रहा था।मुट्ठीगंज के अहियापुर अहिराना गली निवासी हीरालाल कुशवाहा का बड़ा बेटा सोनू कुशवाहा (38) पास के चौराहे पर ही चाय की दुकान चलाता था। इधर करीब दो-तीन साल से वह ब्लड प्रेशर का मरीज हो गया था। दवा चल रही थी, लेकिन बीपी हाई होने की वजह से अक्सर व डिस्टर्ब हो जाता था।

बीपी की दवाई भी चल रही थी

जिसकी वजह से कई बार उसका नुकसान हो चुका था। बीपी की वजह से ही वह डिप्रेशन में चला गया था। बृहस्पतिवार की रात में करीब 8:00 वह दुकान से अपने घर आया और खुद को एक कमरे में बंद कर लिया। उसके बाद सोनू ने ब्लेड से कई जगह से अपना गला काट लिया। जब उसकी चीख निकलने लगी तो घरवालों को शक हुआ।

नहीं मिला कोई भी सुसाइड नोट

दरवाजा अंदर से बंद था पुलिस को सूचना दी गई। कुंडी तोड़ी गई तो अंदर व खून से लथपथ पड़ा हुआ मिला। पुलिस वाले उसे स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय ले गए जहां उसने दम तोड़ दिया। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। डीसीपी नगर संतोष मीणा ने बताया कि वह बीमारी से ग्रसित था कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा वर्ष 2017 अनुक्रमांक 1441236 अंकपत्र प्रमाण पत्र कही खो गया है जिसका प्रयोग अवैध है।

फूल सिंह पुत्र साधु प्रसाद सिंह निवासी कोरीपुर बैरम पुर पश्चिम सरीरा जनपद कौशांबी।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा वर्ष 1985 अनुक्रमांक 0433312 का अंकपत्र प्रमाण पत्र कहीं खो गया है जिसका प्रयोग अवैध है ।

कुबेर सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी भगत का पूरा पोस्ट अलवारा जनपद कौशांबी।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आधार कार्ड में मेरी बेटी का नाम भूल से दिव्यांशी लिख गया है जो गलत है मेरी बेटी का सही नाम शान्वी मौर्या पुत्री देवराज मौर्या ग्राम बदलेपुर ननसेनी,पोस्ट दारानगर, तहसील सिराथू,जनपद कौशाम्बी है।

देवराज मौर्या
ग्राम बदलेपुर ननसेनी, पोस्ट दारानगर, तहसील सिराथू, जनपद कौशाम्बी।

करोड़ों पॉलिसी होल्डर्स की खतरे में है कमाई

सभी धार्मिक ग्रंथों का होना चाहिए सम्मान : बृजलाल खाबरी, हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में अडानी पर लगे आरोप की कब होगी जाँच : प्रमोद तिवारी

प्रयागराज। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के चलते अदाणी प्रकरण की गूंज संगम की रेती तक गूंजती सुनाई दी। शुक्रवार को माघ मेला क्षेत्र के त्रिवेणी मार्ग स्थित रामानुज चौराहे पर बने कांग्रेस सेवा दल के तीन दिवसीय विशेष समर्थ प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन पहुंचें यूपी कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने केन्द्र सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर घेरा। कांग्रेस के स्वम सेवकों को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने आरोप लगाते हुए कहा की मोदी सरकार अपने मित्रों को लाभ पहुंचाते पहुंचाते देश के लोगों की गाढ़ी कमाई को हजम करने पर अमादा है। पत्रकार वार्ता के दौरान सपा नेता द्वारा रामचरित्र मानस पर सवाल खड़े करने के जवाब में श्री खाबरी ने कहा की सभी धार्मिक ग्रंथो का सम्मान होना चाहिये। रामचरित्र मानस जीने की राह दिखाता है। वहीं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा इस मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया जाना चाहिए या चीफ जस्टिस के निरक्षण में इस प्रकरण की पूरी जांच होनी चाहिये। प्रमोद तिवारी ने कहा की हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में अदाणी पर जो आरोप लगे हैं, उसकी जांच कब होगी। प्रमोद तिवारी ने कहा की मोदी सरकार ने हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट पर ऐसे चुप्पी साधी हुई है, जैसे कि कुछ हुआ ही नहीं है। पीएम को कम से कम भारत के निवेशकों, जिसमें एलआईसी के 29 करोड़ पॉलिसी होल्डर और एसबीआई के 45 करोड़ खाताधारक शामिल हैं, उन्हें आगे आकर जवाब देना चाहिये। कहा की ये लूट नहीं, सदी की सबसे बड़ी डकैती है। इस दौरान सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय ने कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को तेज करने का आवाहन किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अरुण तिवारी, सुरेश यादव, प्रदीप मिश्रा, विजय प्रकाश, सुधाकर तिवारी, मुकुंद तिवारी, हसीब अहमद, संजय तिवारी, राजेश सिंह काली, राजदेव तिवारी, अफसाना अंसारी, कनिष्का राफेल, रमाशंकर यादव, मनोज द्विवेदी, जीतेन्द्र मोहन, सुशील मिश्रा, दिनेश सोनी, रामअवतार गौड़, वीरेंद्र बिहारी मिश्रा, सतीश बिंद, सरवर अली, सरताज अहमद, समेत आदि लोग मौजूद रहे।

औद्योगिक क्षेत्र में सड़क किनारे अधेड़ का शव मिला

नैनी। औद्योगिक क्षेत्र के सरस्वती हाइटेक सिटी के पास सड़वा पुलिस चौकी के अंतर्गत सड़क किनारे शुक्रवार की सुबह अधेड़ का शव मिला आसपास से गुजरने वाले लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती हाईटेक सिटी में सुबह मॉर्निंग वॉक पर आने जाने वालों ने लोगों ने सड़क किनारे एक अधेड़ को देखा लोगों ने ध्यान से देखा तो वह मृत लग रहा था जिसकी सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पुलिस पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और इसकी सूचना जिले के संबंधित थानों पर दी बताया जाता है कि अधेड़ के परिजन ऐसा एसआरएन पहुंचे और उन्होंने उसकी शिनाख्त की अधेड़ का नाम गंगा प्रसाद मिश्रा 60 पुत्र स्वर्गीय चंद्र भूषण मिश्रा निवासी जौहरी टोला,जीरो रोड प्रयागराज के रूप में हुई है।

शिक्षक एमएलसी की जीत पर भाजपाईयों का जश्न

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। भाजपाइयों ने स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत को लेकर भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में शुक्रवार को जश्न मनाया गया। कार्यकताओं ने पटाखे फोड़ कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिया। और इलाहाबाद झांसी शिक्षक एमएलसी भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी, बरेली-मुरादाबाद स्नातक एमएलसी भाजपा प्रत्याशी जयपाल सिंह, कानपुर उन्नाव से अरूण पाठक एवं गोरखपुर अयोध्या स्नातक चुनाव के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र प्रताप सिंह को विजय प्राप्त करने की बधाई दी। इस जीत से भाजपाई गदगद दिख रहे हैं।भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कार्यकताओं को जीत की बधाई देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कुशल नेतृत्व एवं कुशल रणनीति और कार्यकताओं की मेहनत के बल पर उत्तर प्रदेश में हुए स्नातक एवं शिक्षक खंड के विधान परिषद के चुनाव में प्रचंड जीत हासिल की। उन्होंने आगे कहा कि इलाहाबाद झांसी शिक्षक खंड एमएलसी का चुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए चुनौती बन गया था और उस चुनौती को स्वीकार करते हुए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने इलाहाबाद झांसी खंड के भाजपा एमएलसी प्रत्याशी डॉ. बाबूलाल तिवारी को प्रयागराज से भारी मत दिला कर जिताने का कार्य किया है। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि प्रयागराज के शिक्षकों और उत्तर प्रदेश के शिक्षित वर्ग ने भारतीय जनता पार्टी के द्वारा उत्तर प्रदेश में किए जा रहे विकास के कार्यों को चुना है। इसके लिए उनके प्रति विशेष आभार प्रकट करता हूं । उन्होंने कहा कि यह जीत आने वाले लोकसभा का चुनाव का ट्रेलर है जो लोकसभा के चुनाव में पूरे देश के अंदर कमल खिलाएगा। जश्न मनाने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडेय, पूर्व महापौर मुरारी लाल अग्रवाल ,शशि वार्ष्णेय, वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी, गिरिजेश मिश्रा, रमेश पासी, पदुम जायसवाल, प्रमोद मोदी, राकेश जैन, राघवेंद्र सिंह, सुभाष वैश्य, ज्ञानेश्वर शुक्ला, शोभिता श्रीवास्तव,अखिलेश सिंह कुशवाहा, अजय अग्रहरि, दिनेश विश्वकर्मा, मनोज मिश्रा, अजय सिंह, गौरी शंकर वर्मा, भोला तिवारी,ज्ञान बाबू केसरवानी, गौरव गुप्ता, दीनानाथ कुशवाहा, राजू वर्मा, पवन मिश्रा, सत्या जायसवाल, आशीष जायसवाल, भरत कुमार समेत अन्य रहे।

बिना बंटवारा के छोटा भाई जबरन करा रहा निर्माण कार्य

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगज थाना क्षेत्र के आलापुर में पुस्तैनी मकान के बिना बटवारे की जमीन पर छोटा भाई सरहंगई के बल पर निर्माण कार्य करवा रहे है जिसकी लिखित शिकायत महेंद्र प्रकाश ने नवाबगज थाना प्रभारी सुधीर कुमार को दिया लेकिन आरोपी भाई पुलिस के रोकने के बाबजूद चले जाने पर चोरी से निर्माण कार्य शुरू कर देते है जिसकी शिकायत फोन से वादी महेंद्र प्रकाश ने थाना प्रभारी से किया। वादी ने पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ से अवैध रूप से कर रहे पुस्तैनी मकान के निर्माण कार्य को रोकने के लिए गुहार लगाई है।

बोर्ड परीक्षा शुचिता पूर्ण ढंग से नकल विहीन कराएं संपन्न: डीएम

राजकीय इंटर कालेज में केन्द्रव्यवस्थापकों को डीएम ने दिये निर्देष

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश शासन एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की मंशा के अनुरूप माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा 2023 को सुचितापूर्ण,नकल विहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी डॉ नितिन बंसल की अध्यक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज में समस्त केंद्र व्यवस्थापको एवं वाह्य केंद्र व्यवस्थापको की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बोर्ड परीक्षा में किसी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उसके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी और इसके साथ जनपद प्रतापगढ़ बोर्ड परीक्षा को शुचिता पूर्ण एवं नकल विहीन संपन्न कराया जाएगा और इसे हम परीक्षा महोत्सव के रूप में मनाएंगे। किसी भी छात्र छात्रा को बेवजह परेशान नहीं किया जाएगा और शिकायत मिलने पर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने केंद्र व्यवस्थापक को समुचित सुरक्षा का भरोसा दिलाया और कहा कि पर्याप्त संख्या में पुलिस बल सभी केंद्रों पर तैनात रहेंगे। किसी भी शरारती तत्व को केंद्र के पास पहुंचने नहीं दिया जाएगा। एसटीएफ एलआईयू और एसओजी की टीमें लगातार क्रियाशील रहेंगी और शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई करेंगे। बैठक के प्रारंभ में डॉ ओपी राय जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया और परीक्षा के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की।

कन्ट्रोल रुम का जायजा लेते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप बोर्ड परीक्षा नियमों के अंतर्गत नकल विहीन शांतिपूर्ण ढंग से एवं सुविधा पूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाएगी। जिले में किसी भी दशा में नकल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनपद की सभी केंद्रों की ऑनलाइन मानिटरिंग मुख्यमंत्री कार्यालय, डीजी एवं विभाग द्वारा लगातार की जाएगी और उसी के आधार पर नकल की स्थिति में कार्रवाई तत्काल सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी केंद्र स्थापना से कहा कि इस परीक्षा पर्व को प्रसन्नता पूर्वक परीक्षा पर्व के रूप में मनाए और अपनी जिम्मेदारियों को अच्छे से उनका निर्वहन करें। इस अवसर पर एसपी द्विवेदी सह जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज बरहदा डॉ विंध्याचल सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज राजकुमार सिंह, डॉ मोहम्मद अनीस, प्रमोद कुमार तिवारी, डॉ राघवेंद्र पांडेय, सीबी सिंह, नरेंद्र बहादुर सिंह, गरिमा श्रीवास्तव, एचएस शुक्ल, सुधाकर पांडेय, सुरेश सिंह, सुनील शुक्ल, आदित्य सिंह, आरएस दुबे, रमेश मिश्रा, कुसुम मौर्य, डॉ रुचि पांडेय, ललिता पटेल, पूजा पटेल, बीएल वर्मा, बृजेश श्रीवास्तव, धीरज सिंह एवं सभी केंद्र स्थापक एवं वाह्य केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संतोष मिश्रा ने किया।

पशु तस्कर के हाथो से इकतालीस मवेशियों को ग्रामीणों ने कराया मुक्त

बरीबोझ के वनपुकारा के जंगल में बनाया गया था बंधक, ग्रामीणों ने काटी रस्सियां

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। गुरुवार की रात पशु तस्करों ने इकतालीस मवेशियों को रस्सियों में बंधकर ले जाने की तैयारी ही कर रहे थे। उसी समय मामले की भनक ग्रामीणों को हो गई। ग्रामीणों को आता देखकर तस्कर भाग निकले। रस्सियों में बंधे सभी मवेशियों को लोगो ने मुक्त कराया। हालांकि गांव के कुछ लोग इसको लेकर नाराज भी दिखाई दिए।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बरीबोझ के वनपुकरा गांव स्थित जंगल में कुछ ग्रामीणों की मदद से गुरुवार की रात पशु तस्करों ने इकतालीस आवारा पशुओं को रस्सियों में बांधकर ट्रक पर से ले जाने की तैयारी बना ही रहे थे।

पशु तस्करों के चंगुल से छूटे मवेशी।

इसी बीच गांव के शिव करन चैबे को जानकारी हो गई। उन्होंने कुछ लोगो को लेकर जंगल की तरफ चल दिए। लोगों को आते देखकर पशु तस्कर भाग निकले। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने जंगल में रस्सियों से बंधे इकतालीस मवेशियों को मुक्त कराया। भूख-प्यास से तड़प रहे मवेशियों की जैसे ही रस्सियां कटी, सभी इधर-उधर भागने लगे। वहीं पशु तस्कर का साथ दे रहे कुछ ग्रामीणों के अंदर मवेशियों को मुक्त कराने वाले लोगो के प्रति नाराजगी भी देखने को मिली। उधर शिव करन चैबे ने बताया कि मवेशियों को मुक्त कराने के बाद मुझे ऐसा लग रहा है कि जैसे मैंने जीवन का सबसे अच्छा कार्य किया है।

मंदिर में पुलिस ने करायी शादी

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने विवाह को लेकर दो परिवार में बने मतभेद को समझौते के जरिए निपटारा कराकर मंदिर मे वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न कराया। इसके बाद दोनों परिवार नवयुगल के साथ खुशी खुशी घर चले गये। लालगंज कोतवाली के भगवानदीन का पुरवा पुरवारा निवासी मुन्ना लाल पुत्र महरानीदीन के अनुसार उसने अपनी बेटी सरिता का विवाह जेठवारा थाना के उमरी बुजुर्ग निवासी संजय पुत्र रामदुलारे के पुत्र सत्यम के साथ तय किया था। तीन अप्रैल 2022 को सगाई भी हो गयी। इसके बाद दोनो परिवार मे किसी बात को लेकर मतभेद उत्पन्न हो गया। बात इतनी बढी कि मामला लालगंज कोतवाली तक आ पहुंचा। यहां कोतवाल कमलेश पाल ने दोनो पक्ष को थाने बुलाकर बीते दो फरवरी को समझाया। इस पर दोनो पक्ष मंदिर मे ही विवाह के लिए राजी हो गये। शुक्रवार को सरिता व सत्यम का कोतवाली परिसर मे स्थित हरिहरमंदिरम में विवाह

जनसत्ता दल ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अपनी मांगों को लेकर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिलाध्यक्ष ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल को सौंपा।

इस दौरान जिलाध्यक्ष राम अचल वर्मा ने कहा कि बाघराय के नवयुवक विषाल पाण्डेय की मृत्यु की घटना की निष्पक्ष जांच सीबीआई अथवा उच्च स्तरीय एजेंसी के माध्यम से कराया जाए। पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए तथा

डीएम को ज्ञापन देते जनसत्ता दल के पदाधिकारी।

पीड़ित परिवार को पर्याप्त सुरक्षा बल प्रदान किया जाए। इस मौके पर जेपी मिश्र, प्रवीण चतुर्वेर्दी, कृष्ण कुमार पाण्डेय, संतोष द्विवेदी, जेपी श्रीवास्तव, सुनील शर्मा, मुक्कू ओझा, विवेक त्रिपाठी, विनय सिंह आदि मौजूद रहे।

किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, पीडिता ने एसपी से लगायी न्याय की गुहार

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। नाबालिग बेटी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना मे आरोपितो के खिलाफ कार्रवाई न होने से पीडिता व उसके परिवार के लोग भय व दशहत मे है। स्थानीय पुलिस द्वारा मामले मे कार्रवाई न करने से परेशान पीडिता ने एसपी से न्याय की गुहार लगायी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीडिता के अनुसार बीते तीस जनवरी की शाम वह बकरी चराने गयी थी। उसकी नाबालिग पुत्री घर पर अकेली थी। इसी दौरान उसे घर मे अकेला पाकर उससे रंजिश रखने वाले गांव के दो युवक घर में घुस गये और पीडिता की नाबालिग पुत्री की डराधमका कर जबरन बगल के खंडहर मे ले गये। पीडिता का आरोप है कि यहां उसकी पुत्री के साथ आरोपियो ने जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इधर बकरी चराकर घर पहुंचने पर पीडिता पुत्री की खोजबीन करते हुए शोर सुनकर खंडहर के पास पहुंची तो दोनों आरोपित वहां से भाग निकले। पीडिता की पुत्री ने रो रो कर सारी बात बतायी। इसके बाद वह अपनी पुत्री को लेकर लीलापुर थाने पहुंची और आरोपियो के खिलाफ तहरीर दिया। आरोप है कि पुलिस ने नाबालिग पीडिता का न तो मेडिकल कराया और न ही आरोपितो के खिलाफ कोई कार्रवाई नही किया। वहीं आरोपित कहीं शिकायत करने पर पीडिता व उसके परिवार को जान से मारने की ऐलानियां धमकी भी दे रहे हैं। घटना से डरी सहमी पीडिता ने एसपी से न्याय की गुहार लगायी है। एसओ लीलापुर सुभाष यादव का कहना है कि मामले मे जांच की जा रही है जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानमंत्री खेलो इण्डिया के अंतर्गत सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 10 से

सांसद खेल स्पर्धा के प्रभावी क्रियान्यवन के लिए टीम गठित

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रधानमंत्री खेलो इण्डिया के अंतर्गत जनपद प्रतापगढ़ के सभी विकास खण्डो में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन प्रस्तावित है। सांसद खेल स्पर्धा 2023 के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ अंतर्गत सभी 13 विकास खण्डों में स्थल चयन किया गया है जिसके अंतर्गत नगर क्षेत्र सम्मिलित है।

यह जानकारी देते हुए संगम यूथ फाउण्डेशन के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने आज प्रतापगढ़ सदर ब्लाक के अंतर्गत संगम इण्टरनेशनल स्कूल कटरा मेदनीगंज में टीम के साथ खेल मैदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख रूप से उप निदेशक नेहरू युवा केन्द्र समर बहादुर सिंह, समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य, अवकाश प्राप्त सहायक सूचना निदेशक आर0बी0 सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, जिला स्काउट मास्टर सुशील कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अभिषेक पाण्डेय, संगम इण्टरनेशल स्कूल से प्राचार्य संजय शर्मा व व्यायाम शिक्षक उदय सिंह आदि प्रमुख रूप से रहे। इस दौरान जिला स्तरीय खेल सांसद संगम लाल गुप्ता की अध्यक्षता में स्थानीय स्पोट्र्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में आयोजित होगा।

उन्होंने बताया कि सांसद खेल स्पर्धा 2023 सभी विकास खण्ड मुख्यालयों पर होगा जिसका स्थलीय चयन किया जा चुका है। सदर विकास खण्ड से सम्बान्धित खेल स्पर्धा का आयोजन संगम इण्टरनेशनल स्कूल कटरा मेदनीगंज के खेल मैदान में होगा। कार्यक्रम की विधिवत जानकारी देते हुए श्री गुप्ता ने बताया कि जनपद स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा 14 फरवरी से 16 फरवरी, 2023 स्पोट्र्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में आयोजित होगी इसके पूर्व 10 फरवरी से 13 फरवरी, 2023 के मध्य सभी विकास खण्डों में खेल प्रतियोगिता एक साथ आयोजित

खेल मैदान का निरीक्षण करते दिनेश गुप्ता।

करायी जायेगी। प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन आनलाइन व आफलाइन के माध्यम से विगत 27 जनवरी से प्रारम्भ हो गया है जो 04 फरवरी, 2023 तक सांय 05 बजे तक चलेगा। रजिस्ट्रेशन सभी ब्लाक मुख्यालयों के बी0आर0सी0 सेन्टर पर हो रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी सम्बन्धित ब्लाक मुख्यालयों के बी0आर0सी0 सेन्टर पर सम्पर्क कर सुबह 10 से सांय 05 बजे तक रजिस्ट्रेशन फार्म जमा व प्राप्त कर सकते है। श्री गुप्ता ने बताया कि सांसद खेल स्पर्धा 2023 में कबड्डी, खो-खो, जूनियर 400 मीटर दौड़, ओपेन 800 मीटर दौड़ व किलोभार में कुश्ती आयोजित की जायेगी। इस खेल स्पर्धा में बालक एवं बालिकाएं प्रतिभाग कर सकते है प्रतियोगिता दो स्तरीय होगी जूनियर वर्ग व सीनियर वर्ग। जूनियर वर्ग के प्रतिभागियों की आयु वर्ग 11 वर्ष से 14 वर्ष तथा सीनियर वर्ग में 14 वर्ष से 24 वर्ष तक के प्रतिभागी ही प्रतिभाग कर सकते हैं।

बोलेरो पलटने से दो घायल

लालगंज, प्रतापगढ़। अनियंत्रित होकर बोलेरो पलटने से छात्रा समेत दो लोग घायल हो गये। सांगीपुर थाना क्षेत्र के लालगंज अठेहा मार्ग पर घुइसरनाथ बाजार मे शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे लालगंज की ओर जा रही एक बोलेरो मवेशी बचाने मे अनियंत्रित होकर पलट गयी। बोलेरो पलटने से उसकी चपेट मे आकर सडक किनारे दरवाजे पर बैठे बहादुर सोनी 62 तथा स्कूल जा रही छात्रा दीपा यादव 11 घायल हो गये। घायलो को इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर भेजवाया गया। इधर बोलेरो पलटने के बाद चालक मौके से भाग निकला।

निशुल्क शिविर में मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। लालगंज ब्लाक अर्न्तगत पूरे नोती संतनगर रैठे मे शुक्रवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिवगंगा जीवजन्तु कल्याण सेवाश्रम के तत्वाधान मे आयोजित शिविर में दो सौ मरीजो के स्वास्थ्य का परीक्षण हुआ। जिले से आयी डा. मयंक श्रीवास्तव की अगुवाई मे स्वास्थ्य टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान मौजूद ग्रमीणो को विभिन्न संक्रामक रोगो के लक्षण व बचाव के बारे मे जानकारियां दी। शिविर में मरीजों को निशुल्क दवाईयां भी वितरण किया गया। शिविर के संयोजन स्वामी जितेन्द्र तिवारी ने इसके उददेश्यो पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अखिलानंद मिश्र, अभय प्रताप सिंह, रोहित यादव, नर्स उर्मिला देवी, आशा बहू तारा देवी, उमेश सरोज, प्रीतेन्द्र ओझा, मोनू तिवारी, लक्ष्मी तिवारी आदि मौजूद रहे।

पांच फरवरी को होगा वॉलीबाल टूनार्मेंट

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय क्षेत्र के कैथौला गांव में पांच फरवरी को जिलास्तरी वॉलीबाल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रवीण सिंह व विशिष्ट अतिथि संकठा सिंह होंगे।उक्त जानकारी शिवपूजन जायसवाल व जगतपाल रजक ने संयुक्त रूप से दी।

ओम प्रकाश सिंह बने अध्यक्ष

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शुक्रवार को जिला बार प्रतापगढ़ के चुनाव में 45 मत से ओम प्रकाश सिंह अध्यक्ष पद पर और 02 मत से विजय पाल सिंह महामंत्री पद पर विजई घोषित हुए। यह जानकारी जूबाए के पूर्व प्रकाषन मंत्री व उपायक्ष शिव प्रकाश मिश्र एडवोकेट ने दी।

अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर रूरल बार ने भरी हुंकार, राष्ट्रपति को संबोधित दिया ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। संसद के बजट सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को पारित कराए जाने को लेकर शुक्रवार को आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के बैनरतले कलेक्टेज्ट कचहरी में अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम के समर्थन में नारेबाजी करते हुए इसे अविलंब प्रभावी बनाये जाने की मांग उठाई। एसोशिएसन के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम के माध्यम से यहां सौंपा।

इसके पूर्व कचहरी मे हुई वकीलों की सभा को संबोधित करते हुए एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा की अगुवाई मे सौपे गये ज्ञापन मे कहा गया है कि देश भर में अदालत परिसरों तक में अधिवक्ताओं पर प्राण घातक हमले हो रहे हैं तथा कई जगह वकीलों की निर्मम हत्या कर दी गयी। ज्ञापन के जरिए राष्ट्रपति से कहा गया है कि वह संसद के मौजूदा सत्र मे ही अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को पेश करने के लिए केन्द्रीय सरकार को नीतिगत निर्देश निर्गत करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर एसोशिएसन लगातार संघर्ष कर रहा है। उन्होनें कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केन्द्रीय सरकार के बजट में अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं तथा अदालतो की सुरक्षा के मद में सरकार ने कोई विशेष पैकेज की घोषणा नही किया। उन्होनें कहा कि बजट में वकीलों की उपेक्षा भी सरकार की वादकारियों के हित मे वकालत के मिशन को उपेक्षित करने का चेहरा बेनकाब कर गया है। सभा की अध्यक्षता एसोशिएसन के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा व संचालन जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने किया। संचालन करते हुए जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं से इन मुददो पर जारी संघर्ष में कारगर भूमिका का आहवान किया है। इस मौके पर दिवाकर सिंह, आसिफ, अरूण सिंह, शक्ती सिंह, हरिशंकर पुरी, कौशलेन्द्र सिंह, सुभाषचंद्र सिंह, रवीन्द्र सिंह मंटू, प्रशांत सिंह बंटी, मस्तराम पाल आदि अधिवक्ता रहे।

कचहरी में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते अधिवक्तागण।

मारपीट व धमकी को लेकर तीन के खिलाफ केसा दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने मारपीट तथा जानलेवा धमकी के मामले में तीन आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे तिलकराम गांव की तिनहिन पत्नी शोभनाथ ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर बीते तीस जनवरी को ताजपुर खलहिया निवासी अमरपाल पुत्र माताफेर व अमरपाल की पत्नी सुमित्रा उर्फ कल्लू तथा पूरे हिमांचल धधुआ गाजन के बंशी लाल पुत्र गजाधर ने घर मे घुसकर उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी।

आशनाई के चलते हुई थी युवक की हत्या, एक हत्यारोपित गिरफ्तार

लालगंज, प्रतापगढ़। आशनाई के चलते सिर पर लोहे की पाइप से हमला करके युवक की हत्या कर दी गयी थी। पुलिस ने शुक्रवार को घटना का राजफाश करते हुए गिरफ्तार हत्यारोपित को न्यायालय भेज दिया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के भुडहा गांव निवासी लालजी पाल 22 पुत्र छेदीलाल बीते रविवार की शाम अपने टयूबबेल के पास स्थित खेत की निगरानी करने गया था। उसके वापस न लौटने पर खोजबीन मे जुटे परिवार के लोगों को अगले दिन सोमवार को टयूबबेल के कुएं मे लालजी का शव मिला था। मामले मे मृतक के भाई किशन पाल की तहरीर पर पुलिस ने गांव के मघई वर्मा व उनकी पत्नी सुनीता तथा भतीजा राजन वर्मा उर्फ रंजन पुत्र गयादीन वर्मा समेत कुछ अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मामले की छानबीन मे जुटी पुलिस ने बीते गुरूवार को दोपहर राजन उर्फ रंजन को उसके घर के समीप से धर दबोचा।

व्यापार मण्डल ने एसपी को किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के नेतृत्व में पदाधिकारियों व व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर व्यापार मंडल द्वारा एसपी सतपाल अंतिल को माला व शाल ओढ़ाकर तथा स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ जनपद में विगत लगभग पांच वर्षों से अपने अद्भुत बुद्धि विवेक और ईमानदारी से प्रशासनिक गोपनीय कार्यों को सम्पन्न करने वाले और जनपद से ही सेवानिवृत होने वाले अस्थाई गोपनीय विभाग अधिकारी ओम प्रकाश सिंह को भी सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने कहा कि एसपी द्वारा जनपद में किए जाने वाले अनवरत रक्षात्मक कार्यो से, अपराध और अपराधियों पर होने वाले अंकुश लगा है। इस मौके पर राम शंकर जायसवाल, संजय सोनी, कृष्णमोहन केसरवानी, सुरेश चंद केसरवानी, नारायण खंडेलवाल, राहुल केसरवानी, सुनील जायसवाल, अमित केसरवानी, सरदार महेंद्र सिंह, विनय सिंह, शकील अख्तर, दूधनाथ सोनी, सरदार वरिंदर सिंह, मुन्ना सोनी, आशीष सिंह, हरीश सोनी, राजेन्द्र त्रिपाठी, धीरज उपाध्याय, अरविंद जैन, दीपक केसरवानी (दीपू), धर्मेन्द्र यादव आदि अन्य अनेक पदाधिकारी एवं व्यापारी बन्धु उपस्थित रहे।

एसपी को सम्मानित करते वयापार मण्डल के पदाधिकारीगण।

संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान, मचा कोहराम

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगज थाना क्षेत्र के लवाना चैकी के निकट घर मे अकेली छात्रा ने बॉस के सहारे फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। घटना के बारे में बताया जाता है कि लवाना बाजार निवासी अशफीर्लाल निर्मल की बेटी सुहानी निर्मल (16) वर्षीय जो कक्षा 11 में स्थानीय स्कूल में पढ़ती है। गुरुवार की शाम घर मे अकेली थी। जो घर के आंगन में बांस के सहारे फंदा लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली।

खबर संक्षेप

ओवेरलोड वाहनों से अवैध वसूली में लिप्त आरक्षी निलंबित

कौशाम्बी। महेवाघाट थाना में तैनात मुख्य आरक्षी धर्मेन्द्र के खिलाफ ओवेरलोड बालू वाहनों से अवैध वसूली की शिकायत होने पर मामले को एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने गंभीरता से लिया जिसकी जांच कराए जाने पर लगाए जा रहे आरोपों में पृथम दृष्ट्या सत्यता पाये जाने पर मुख्य आरक्षी को पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव द्वारा तत्काल निलंबित किया गया है एवं पूरे मामले की जांच क्षेत्राधिकारी चायल को सौंपी गई है।

मृतक गोवंश को नोच रहे हैं चील कुत्ते

महेवाघाट कौशाम्बी। मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सभा हिसामपुर में नट के डेरा में एक मृतक गोवंश को चील कुत्ते नोच रहे हैं गोवंश की दुर्दशा हो रही है कोई देखने वाला नहीं है ग्रामीणों ने बताया कि नट के डेरा में खंभे से गोवंश बंधा है जिसको चील और कुत्ते नोच नोच कर खाते दिखाई पड़ रहे हैं।

आगे जा रही ट्रक से जा भिड़ी जायरीनों से भरी बस, आधा दर्जन जायरीन लहूलुहान

हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल, बस में सवार शेष जायरीनों को पुलिस ने प्रयागराज होटल में ठहरने का प्रबंध कराया

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। अजमेर शरीफ से वापस पश्चिम बंगाल जा रही टूरिस्ट बस सैनी कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग लोहदा मोड़ के पास ट्रक से टकरा गई है हादसे में कई जायरीन घायल हो गए है हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस पहुंची है और घायलों को बस से बाहर निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। घटनाक्रम के मुताबिक 19 जनवरी को टूरिस्ट बस में सवार 59 जायरीन अजमेर शरीफ से वापस घर पश्चिम बंगाल जा रहे थे शुक्रवार की भोर लगभग 4.30 बजे सैनी कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग लोहदा अझुवा के पास टूरिस्ट बस ड्राइवर आगे जा रहे ट्रक के पीछे भिड़ गया जिससे बस में चीख-पुकार मच गई

दुर्घटना की सूचना पर मौके पर अझुवा चौकी पुलिस,पथरांवा चौकी पुलिस सैनी कोतवाल भुवनेश चौबे के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंचे और राहत

दुर्घटना के बाद मौके पर लगी भीड़

एवम बचाव कार्य मे जुट गए इस हादसे में रशीदा बेगम पत्नी इस्तखार, कमरून बेगम पत्नी मोहम्मद मेराज,रोशनी बेगम,शमीम का लड़का ड्राइवर विजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं घायलों को बस से निकालकर पुलिस ने एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी सिराथू अस्पताल में भर्ती कराया है और बस में सवार शेष जायरीनों को पुलिस ने प्रयागराज होटल में ठहरने का प्रबंध कराया है।

वाहवाही लेने वाली पिपरी पुलिस आरोपी को नहीं भेज रही जेल

इटारसी रेलवे स्टेशन पर नाबालिग लड़की को युवक के साथ जीआरपी ने किया बरामद

कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र से भागे नाबालिग बालिका और उसके साथ युवक को इटारसी की जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार कर कौशांबी पिपरी पुलिस को सौंप दिया है 5 दिन बीत जाने के बाद आरोपी युवक को पिपरी पुलिस ने जेल नहीं भेजा है। जानकारी के मुताबिक 28.01.2023 को इटारसी स्टेशन पर अपराध रोकथाम ड्यूटी में तैनात सहायक उप निरीक्षक अरविंद गौतम व आरक्षक डेविडदीन को दौराने गस्त प्लेटफार्म नंबर 6,7 पर एक लड़का और लड़की को संदिग्ध हालत में बैठे हुए मिले। पूछताछ करने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया बाद में लड़की से पूछने पर बताया कि घर से बिना बताए भाग कर आए हैं। दोनो को पोस्ट पर लेकर आए तथा पूछताछ करने पर लड़की ने अपना नाम अंतिमा पाल पुत्री अर्जुन पाल उम्र 13 वर्ष निवासी फतेहपुर शाहपुर जिला कौशांबी उत्तर प्रदेश तथा लड़के ने अपना नाम श्याम रुपपाल पुत्र राम प्रताप पाल उम्र 23 वर्ष निवासी फतेहपुर शाहपुर जिला कौशांबी उत्तर प्रदेश बताया तथा घर से भागकर मुंबई जाना बताया। बाद में लड़के ने मोबाइल नंबर दिया जिस पर संपर्क करने पर लड़की के पिता अर्जुन पाल ने बताया कि वह लड़की को बहला फुसलाकर भगा कर ले गया है जिसकी पुलिस थाना पिपरी में कराई गई है।

न्यूज झरोखा

आक्रोशित लोगों ने फूंका पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला

कौशांबी। बीते दिनों राम चरित मानस पर समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के दिए विवादित बयान और मानस की प्रतियां जलाए जाने से आहत सैकड़ो हिंदू समाज ने शुक्रवार को नगर पंचायत चरवा के प्रमुख चौराहे पर स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला दहन किया वक्ताओं ने कहा कि हिंदू समाज किसी भी कीमत पर हिंदुओं की पवित्र पुस्तक राम चरित मानस का अपमान नही सहेगा। और ऐसे बेलगाम नेता राज नीति से प्रेरित बयान बाजी करते रहे तो आने वाले समय में लोग ऐसे घृणित आदमी और ऐसी पार्टी जो ऐसे लोगों का मनोबल बढ़ती है उसका सूपड़ा साफ करने का काम करेंगे।इसका नेतृत्व कौशांबी भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शौर्य मिश्रा ने किया।

गांव की समस्या गांव में समाधान, जिम्मेदार अधिकारियों ने चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

अझुवा कौशाम्बी। प्रदेश सरकार के आदेशानुसार विकास खंड कड़ा के ग्राम सभा भैरायें में ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारियों ने ग्राम चौपाल का आयोजन किया।इस चौपाल में सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में बताया गया है ।इस दौरान तमाम ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्या जिम्मेदारों को बताया है इस गांव में अधिकाधिक लोगों ने राशन कार्ड उपलब्ध करवाने की मांग की है ,जिससे राशन मिल सके।तमाम लोगो को प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि नही मिल रही है उसकी शिकायत रखी है वहीं ग्राम पंचायत अधिकारी राहुल सिंह ने बताया 12 राशन कार्ड 1आवास 2 किसान सम्मान निधि ,3 पेंशन की शिकायत सम्बन्धी पत्र प्राप्त हुई है जिनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएगा।इस चौपाल में एडीओ कृषि पवन जायसवाल,कॉपरेटिव अनिल मिश्र,लेखपाल राजेन्द्र कुमार,शिक्षा विभाग दीपक कुमार माले ग्राम प्रधान गोपी मौर्य,पंचायत सहायक नीतीश कुमार मौर्य सहित जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर साथियों ने माल्यार्पण कर मनाया जश्न

कौशांबी। करारी क्षेत्र के बरई बन्धवा के रहने वाले फैज अहमद पत्रकार के भारतीय पत्रकार संघ के चुनाव में उपाध्यक्ष बनाए जाने की जानकारी मिलने पर गुरुवार को शुक्लन पूरा चौराहे पर फैज अहमद के समर्थकों ने उनको माल्यार्पण कर उनका स्वागत करते हुए जश्न मनाया है फैज अहमद के साथियों ने कहा कि निष्पक्ष तरीके से सत्य खबर उजागर करने वाले फैज अहमद को उपाध्यक्ष बनाए जाने से पत्रकार संगठन मजबूत होगा और जुझारू पत्रकार फैज अहमद हमेशा पत्रकारों के संघर्ष में आगे रहेंगे इस मौके परपत्रकार मोहम्मद मुदस्सिर पत्रकार मोहम्मद फरमान मोहम्मद दरवेश अरमान सिद्दीकी मोहम्मद अदनान मोहम्मद शाकिर कैफ सिद्दीकी मोहम्मद शाकिर मोहम्मद आवेश आदि लोग मौजूद रहे।

प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित हो व्यापारियों की समस्या : डीएम

जिलाधिकारी ने की व्यापार बन्धु समिति की बैठक

व्यापार बंधु की बैठक को संबोधित करते जिला अधिकारी

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने उदयन सभागार में जनपद स्तरीय व्यापार बन्धु समिति की बैठक के दौरान व्यापारियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दियें। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी ईओ को उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी के साथ प्रत्येक माह बैठक कर बैठक की कार्यवृत्त जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि थाना पश्चिम शरीरा के बगल में लगे ट्रान्सफार्मर में पूर्व में कई बार आग लग गई है, जिससे व्यापारियों व राहगीरों को जान-माल का खतरा बना रहता है, जिस पर एसडीओ ने बताया कि कार्ययोजना बन गई है, शीघ्र ही ट्रान्सफार्मकर को स्थानान्तरित कर दिया जायेंगा। जिलाधिकारी ने एसडीओ एवं ईओ से कहा कि जब तक ट्रान्सफार्मर स्थान्तरित नहीं हो जाता तब तक यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि जान-माल का खतरा न होने पाये बैठक में देवीगंज व्यापार मण्डल द्वारा अवगत कराया गया कि 400 केवीए ट्रान्सफार्मर मुख्य बाजार में लगा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीओ को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। बैठक में देवीगंज व्यापार मण्डल द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्य चौराहे पर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिस पर अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 हरवंश सिंह ने बताया कि बाईपास स्वीकृत हो गया है, बाईपास बन जाने से समस्या का समाधान हो जायेंगा। बैठक में सिराथू के व्यापारियों द्वारा नगर पंचायत के चन्द्रबहार में सरकारी जमीन पर खेल मैदान बनाये जाने के अनुरोध पर ईओ सिराथू ने बताया कि खेल मैदान विकसित करने की कार्यवाही की जा रहीं है। व्यापार मण्डल मंझनपुर द्वारा अवगत कराया गया कि नये बस स्टॉप के निकट का मार्ग खराब स्थिति में है, जिसे ठीक कराये जाने के अनुरोध पर अधिशासी अभियंता लोनिवि ने बताया कि कार्य चल रहा है, एक सप्ताह में कार्य समाप्त हो जायेगा। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने जिला श्रम बन्धु की बैठक के दौरान उद्यमियों एवं व्यापारियों से कहा कि अपने प्रतिष्ठान में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से कार्य न करायें तथा बन्दी दिवस का अनुपालन करें इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री रमेश चंद्र अग्रहरी क्षेत्राधिकारी मंझनपुर योगेन्द्र कृष्ण नारायण सहित अन्य अधिकारीगण एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण हो : डीएम

कड़ा में उपलब्ध 100 बीघा जमीन को मिनी औद्योगिक आस्थान के रूप में विकसित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दियें बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर विगत एक माह में कुल 1246 प्रकरण प्राप्त हुए है, जिसमें से 22 प्रकरण विभिन्न विभागों के स्तर पर लम्बित है, जिसमें से श्रम विभाग के-01, खाद्य एवं औषधि विभाग के-03, प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के-06, आबकारी विभाग के-01, कृषि विभाग के-08 एवं अग्निशमन विभाग के-01 सम्मिलित हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निवेशकों की समस्याओं के निस्ताराण पर विशेष प्राथमिकता दी जा रहीं हैं। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करना सुनिश्चित किया जाय। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि पी0एम0ई0जी0पी0 योजना के तहत 58 लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 77 आवेदन बैंको द्वारा स्वीकृत हो चुके है। इसी प्रकार एम0वाई0एस0वाई0 योजना के तहत 57 लक्ष्य के सापेक्ष 79 तथा ओडी0ओ0पी0 योजनान्तर्गत 32 लक्ष्य के सापेक्ष 38 आवेदन बैंको द्वारा स्वीकृत हो चुके हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने अग्रिम आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को कड़ा में उपलब्ध 100 बीघा जमीन का निरीक्षण कर मिनी औद्योगिक आस्थान के रूप में विकसित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। बैठक में व्यापारियां ने मिनी औद्योगिक क्षेत्र परसरा का विस्तार किये जाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें है इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री रमेश चंद्र अग्रहरि क्षेत्राधिकारी मंझनपुर योगेन्द्र कृष्ण नारायण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं उद्यमीगण उपस्थित रहे।

अवैध तरीके से सरकारी भूमि की मिट्टी निकाल कर माफियाओं ने बेची

भाजपा के एक चर्चित भूमाफिया नेता के नाम पर मिट्टी का अवैध खनन शुरू, तहसील के किस अधिकारी की सांठगांठ से हो रही है सरकारी भूमि से मिट्टी का खनन जांच का विषय

अखंड भारत संदेश

कोखराज कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के कोखराज थाना अंतर्गत मलाक रेजमा ग्राम में स्कूल के पीछे सरकारी बंजर भूमि से खनन माफियाओं ने जेसीबी मशीन से मिट्टी खुदाई शुरू कर दी है देखते देखते सैकड़ो टैक्टर मिट्टी निकाल ली गई है लेकिन लेखपाल से लेकर तहसीलदार तक उदासीन बने रहे बिना अधिकार और बिना किसी अधिकारी के आदेश के सरकारी भूमि से मिट्टी खनन में माफिया लगे रहे और तहसील प्रशासन मूकदर्शक बना रहा बताया जाता है कि उदय नाम के मिट्टी खनन माफिया ने एक नेता के नाम पर क्षेत्र की अवैध मिट्टी खनन कर लाखो रुपए की मिट्टी बेंच डाली है यह माफिया लगातार इसी क्षेत्र में इस भूमि के अलावा भी तमाम बंजर भूमि की मिट्टी खनन करके बेच चुका है

मिट्टी खनन करती जेसीबी मशीन

जिसका कोई परमिशन भी नही लिया जिससे राजस्व का लाखों रुपए का नुकसान भी हुआ आखिर इन माफियाओं पर योगी सरकार के अधिकारी क्यों मेहरबान है क्यों सरकारी भूमि को माफिया चौपट करने पर लगे हैं सरकारी भूमि से मिट्टी खनन के मामले में तहसील के किस अधिकारी की सांठगांठ है यह बड़ी जांच का विषय है यदि योगी सरकार ने सरकारी भूमि पर अवैध तरीके से मिट्टी खनन के मामले की जांच कराई तो तहसील के अधिकारियों की माफियाओं से सांठगांठ उजागर होना तय है।

दस साल की मासूम के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

कौशाम्बी। जिले के पिपरी थाना क्षेत्र के कादिलपुर स्थित एक ईंट भट्टा पर मजदूरी करने वाले मजदूर की 10 वर्षीय नाबालिग बेटी से युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है।मासूम की चीख सुनकर पहुंचे पिता को आरोपी मारपीट कर फरार हो गया,मामले की सूचना पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी,पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तहरीर मिलने के बाद पुलिस अपने दामन को बचाने में लगी है और पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र का मामला बताकर अभी मामले को टाल मटोल कर रही है घटनाक्रम के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के कादिलपुर के एक ईंट भट्ठे पर शुक्रवार की दोपहर शौच को गई ईंट भट्टा मजदूर की 10 वर्षीय नाबालिग बेटी को युवक खेत की तरफ ले गया और युवक ने दुष्कर्म किया है। बेटी की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे पिता को मार पीट कर युवक फरार हो गया ।जिसकी सूचना पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी है,पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

अभिलेखों में सड़क मरम्मत करा कर जिला पंचायत के खजाने से निकाली जा रही है रकम

जिला पंचायत में बढ़ते भ्रष्टाचार पर अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत हुए मौन, जलाशय में तब्दील हुई जमदुआ की सड़क आवागमन में किसान जनता परेशान

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिला पंचायत में इन दिनों भ्रष्टाचार चरम पर व्याप्त है बढ़ते भ्रष्टाचार पर अपर मुख्य अधिकारी भी चुप्पी साध गए हैं जिससे ठेकेदार बिना सड़क की मरम्मत कराए ही सरकारी खजाने से रकम निकाल रहे हैं इस मामले में जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी से लेकर सहायक अभियंता अवर अभियंता की भूमिका भी सवालों के घेरे में है फर्जी बिल बाउचर के सहारे सड़क मरम्मत की रकम जिला पंचायत के खजाने से निकाली जा रही है जिला पंचायत में बढ़ते भ्रष्टाचार के मामले को आयुक्त इलाहाबाद ने यदि गंभीरता से लिया तो जिला पंचायत के कई ठेकेदार अपर मुख्य अधिकारी सहायक अभियंता अवर अभियंता पर गाज गिरना तय है। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के जमदुआ गांव में बच्चा पासी के

समरसेबल से गांव तक की सड़क की हालत बदतर है सड़क की पुलिया भी टूटी हुई है जिससे रास्ता में आना जाना बंद हो गया है जलाशय में सड़क तब्दील हो जाने और पुलिया टूट जाने के बाद लोग दूसरी सड़क अषाढ़ा चौराहा की तरफ से आते जाते हैं हालांकि अभिलेखों में इस सड़क की मरम्मत जिला पंचायत के ठेकेदारों ने करा दी है गांव के पीछे का रास्ता है सड़क खराब हो जाने के चलते किसान परेशान हैं सड़क मरम्मत कराए जाने को लेकर ग्रामीणों ने कई बार जिला पंचायत सदस्य को एप्लीकेशन दिया लेकिन जिला पंचायत सदस्य एप्लीकेशन को रद्दी में डाल देते हैं जिससे सड़क की मरम्मत मौके पर नहीं हो सकी सड़क मरम्मत के नाम पर कई बार गड्ढे भर कर सरकारी खजाने से लाखों की रकम ठेकेदारों ने निकाल ली है लेकिन उसके बाद भी जिला पंचायत सदस्य जिला पंचायत अध्यक्ष ने ठेकेदारों के भ्रष्टाचार के कारनामों को संज्ञान लेकर उन पर कार्यवाही नहीं की है जिला पंचायत में बढ़ते भ्रष्टाचार के मामले में जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी सहायक अभियंता अवर अभियंता की भी भूमिका सवालों के घेरे में है।

लक्ष्य को ध्यान में रखकर करें तैयारी : डॉ अंकिता पाठक

युवाओं को सशक्त बनाने के लिए कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का हुआ अयोजन

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। किसी भी देश को आगे बढ़ाने के लिए उस देश के युवाओं को सशक्त होना बहुत जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंर्तगत नेहरू युवा केन्द्र कौशाम्बी के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी गोपेश पाण्डेय के निर्देशन में विकास खण्ड कड़ा के धर्मा देवी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ. रामकिरण त्रिपाठी की अध्यक्षता में युवा सशक्तिकरण अभियान के अंर्तगत कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार सिराथू डॉ.अंकिता पाठक के द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया गया। नायब तहसीलदार डॉ. अंकिता पाठक ने अपने यूपीएससी की यात्रा का विस्तृत अनुभव साझा किया उन्होंने विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए अपने छात्र जीवन को भी याद किया। अमृता साहू ने पूछा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कैसे करियर बनाएं आकांक्षा सिंह ने पूछे जज कैसे बन सकते

कार्यक्रम को संबोधित करती नायब तहसीलदार डॉक्टर अंकिता पाठक एवं उपस्थित स्कूली छात्र-छात्राएं

हैं,अमन ने पूछा यूपीएससाई के लिए क्या-क्या करना होगा, ज्ञानेश्वर ने पूछा यूपीएससी की तैयारी हिंदी माध्यम से करें या फिर अंग्रेजी माध्यम से ऐसे ही तमाम युवाओं एवं युवतियों ने अपने कैरियर को लेकर सवाल जवाब किए जिनका जवाब नायब तहसीलदार डॉ. अंकिता पाठक,इं.अंकुर गौरव अनुदेशक राजकीय आईटीआई सिराथू एवं विज्ञान संचारक आयुष साहू द्वारा एक एक कर-के उपस्थित युवाओं एवं युवतियों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उनके कैरियर से जुड़े हुए सभी सवालों के संतोषजनक उत्तर देते हुए अपना मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम प्रभारी राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक दीपेन्द्र अग्रहरि द्वारा उपस्थित युवाओं एवं युवतियों को अपना कैरियर बनाते हुए राष्ट्र निर्माण कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट करके उनका अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकिरण त्रिपाठी ने धन्यवाद और आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रबन्धक रामसुभग त्रिपाठी,रामशंकर सिंह,अंकित द्विवेदी, धनवंतरि कुमार,अमित त्रिपाठी सहित क्षेत्र के सैंकड़ों युवक एवं युवतियां उपस्थित रहे।

लैंड जेहाद और चंगाई सभाओं के खिलाफ उतरेगा हिन्दू जागरण मंच, आज सौपेगा ज्ञापन

कौशाम्बी। जिले में इस्लाम धर्म को मानने वाले लोग इस समय हिंदू धर्मावलंबियों के ऊपर विभिन्न प्रकार से हमले कर रहे हैं जिसमें यह समुदाय अब सनातन धर्म के मानने वालों की जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा कर लैंड जिहाद कर रहा है। इस मौके पर उन्होंने चायल तहसील क्षेत्र के पेरई गांव में अनूसूचित जाति के लोगों तथा सरकारी भूमि पर माफिया द्वारा लैंड जेहाद तथा जिले भर में चल रही ईसाई चंगाई सभाओं का मामला उठाया है। उन्होंने कहा शुक्रवार को जिले भर में लैंड जेहाद के मामलों को लेकर हिंदू जागरण मंच शनिवार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन डीएम को सौपेगा।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत अधिशासी अधिकारी ने कूड़ा गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत अंतर्गत नगर पंचायत दारानगर में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का शुभारंभ किया गया। नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी सुभाष चंद्र व राजकीय बालिका इंटर कालेज की प्रधानाध्यापिका अनामिका विद्यार्थी ने चार कूड़ा गाड़ी व 20 ट्राइसाइकिल वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान विद्यालय की बालिकाओं ने स्वच्छता स्लोगन व नारों के साथ स्वच्छता रैली निकालकर जनसमुदाय को जागरूक किया,रैली से पहले जीजीआईसी कड़ा में कालेज छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के साथ एक संगोष्ठी कर उन्हे स्वच्छता के प्रति जागरूक किया इस दौरान अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र ने छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन का विकास होता है हम सभी का नैतिक कर्तव्य कि हम सभी स्वच्छता की राह में एक कदम आगे बढ़ाएं एवं नगर पंचायत का हर घर कूड़ा करकट सड़क पर ना फेंके सभी वासी नियमित समय पर आने वाली कूड़ा गाड़ी में ही कूड़े को फेंके ताकि हमारा नगर स्वच्छ रहें और लोग इसकी मिसाल दें विद्यालय की प्रिंसिपल अनामिका विद्यार्थी ने भी छात्राओं को जागरूक करते हुए उन्हें अपने घर के साथ साथ पास पड़ोस के

रैली निकालते नगर पंचायत के कर्मी

लोगों को भी स्वच्छता रखने के प्रति जागरूक करें। अधिशाषी अधिकारी सुभाष चन्द्र ने क्षेत्रवासियों को बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए कूड़ा गाड़ियां मंगाई हैं। यह गाड़ियां मोहल्लों में डोर टू डोर जाकर कूड़ा एकत्र करेंगी इस अभियान से नगर में स्वच्छता का माहौल रहेगा और नगरवासीयों को कूड़ा करकट फेंकने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा । इस योजना से कस्बे की साफ-सफाई चाक चौबंद रहेगी। गलियों व सड़कों पर कूड़ा न पड़ा रहे। इस दौरान जीजीआईसी कड़ा की प्रधानाचार्य अनामिका विद्यार्थी नगर पंचायत के बाबू संगम लाल गुप्ता समेत विद्यालय एवं नगर पंचायत का स्टाफ मौजूद रहा।

संपादकीय

जानलेवा होते आवारा पशु : सरकार मूकदर्शक

निर्मल रानी

हमारे देश में सड़कों,मुख्य मार्गों,गलियों,चौराहों यहाँ तक कि रेलवे लाईन व रेलवे स्टेशंस तक पर आवारा पशुओं का विचरण करना कोई नई बात नहीं है।परन्तु निश्चित रूप से जिस तरह मानव जनसँख्या में वृद्धि हो रही है उसी तरह पशुओं की संख्या भी दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही है। परन्तु पशुओं के पालन पोषण में व्यावसायिक दृष्टिकोण होने के चलते प्रायः पशु पालक इन पशुओं से तब तक ही अपना संबंध रखते हैं जब तक कि वे अपने मालिक के लिए कमाई का साधन हैं। जैसे ही कोई गाय दूध देना बंद करती है या कोई घोड़ा खच्चर बोझ उठाना या रेहड़ा घसीटना बंद करता है या बोझ उठाते उठाते बूढ़ा अथवा घायल हो जाता है उसी समय उसका स्वामी ऐसे पशुओं को बाहर का रास्ता दिखा देते है और वही जानवर अनियंत्रित होकर सड़कों पर फिरने लगते हैं। इसके अतिरिक्त यदि किसी पालतू गाय ने बछड़ा पैदा किया है तो अधिकांश गौ पालक उस नवजात बछड़े को भी फौरन बाहर निकाल देते हैं और बछड़े के हिस्से का दूध या स्वयं पीते हैं या उसे बेच देते हैं। शहरों में अनेकानेक गौपालक ऐसे भी हैं जो सुबह सुबह अपनी गाय का दूध निकालकर उसे घर से बाहर निकाल देते हैं। और यही गायें सारा दिन आस पास के गली मुहल्लों में दरवाजे दरवाजे भटकती रहती हैं। और गौभक्त लोग पुण्य अर्जित करने के लिये अपने दरवाजे पर दस्तक दे रही गायों को रोटी आदि देकर उसका पेट भरते हैं। बड़ा आश्चर्य है कि जिस भारतीय समाज में अयोध्या,बृन्दावन,हरिद्वार जैसे धर्मस्थान बुजुर्ग लोगों,विधवाओं,असहाय व अनाश्रित लोगों से भरे पड़े हों,जिस देश में वृद्धाश्रम 'हॉउस फुल ' रहते हों,लोग अपने बूढ़े मां बाप, दादा दादी के सेवा कर पाने में असमर्थ हों, ऐसी मानसिकता रखने वाले समाज से सरकार यदि यह उम्मीद करे कि वे बूढ़ी और बिना दूध देने वाली गायों की अंत तक परवरिश करे या उस बछड़े को दूध पिलाये जिससे कभी कुछ फायदा ही नहीं मिलना अथवा किसी बूढ़े घोड़े-खच्चर को बेवजह पाले तो यह कैसे संभव है ? सरकार ने 'गौवंश' की रक्षा के नाम पर जबरदस्त तरीके से चुनावी कार्ड खेलकर केंद्र से लेकर विभिन्न राज्यों तक की सत्ता तो झटक ली परन्तु इनकी सुरक्षा व इनसे सुरक्षा के नाम पर कोई कारगर योजना नहीं बनाई गयी। यही वजह है कि आज पूरे देश में एक ही दिन में दर्जनों दुर्घटनायें हो रही हैं। कहीं सड़कों पर अनियंत्रित गौवंश वाहनों से टकरा रहे हैं और बड़ी दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। कहीं कोई पशु अचानक अनियंत्रित होकर दौड़ता हुआ किसी भी वाहन या व्यक्ति से टकराकर लोगों की जान ले रहा है। कोई किसी को अपनी सींग से मार मार कर उसकी जान ले रहा है। बिजली के खंबों पर लगे तमाम बिजली रीडिंग मीटर इन्हीं पशुओं ने अपनी गर्दन व सींग से रगड़कर तोड़ फोड़ कर गिरा दिये हैं,कई जगह करंट लगने से भी ऐसे ही पशुओं की मौत हो चुकी है। परन्तु सरकार केवल गौ रक्षक होने के अपने दावे पर ही इतरा रही है। प्रायः ऐसे अनियंत्रित छुट्टा पशुओं से दुखी व आतंकित किसान व ग्रामीण अपनी व्यथा भी बयान करते रहते हैं कि किस तरह महीनों तक सारी सारी रात जागकर ऐसे आवारा पशुओं के झुण्ड से वे अपनी फसल को बचाते हैं।

इति श्री चमचा महाकाव्या

रामविलास जांगिड़

चमचा महाकाव्य की गति जोरों पर है। इसे समझने पर संसार के सभी दुखों का नाश हो जाता है। चमचा- संस्कृत धातु चम् से चम्मच की व्युत्पत्ति लगती है। चम् धातु में पीना, कण्ठ में उतारना, गटकना, एक सांस में चढ़ाना, चाटना, पी जाना, सोखना जैसे भाव हैं। चम् धातु में दृष्य तौर पर चाटने एवं चाटते रहने का भाव भी छुपा है। रीढ़ की हड्डी विहीन विशिष्ट जंतु! देश में ऐसे लोगों को सम्मान भाव की दृष्टि से निहारा जाता है। इन सभी गुणों से युक्त जीव को चमचा कहकर उसका स्तुति गान किया जाता है। चमचागिरी- जिसके ऊपर दलाल की कृपा होती है। वह जो किसी दूसरे के थूके हुए हो चाटने की कलाकारी में सिद्ध पुरुष बन जाता हो। ऐसे सिद्ध पुरुष को चमचागिरी का ताज दिया जाता है। चमचाइन- चमचोपनिषद में वर्णित सभी मंत्र, सिद्धांत, व्याख्यान आदि को आत्मसात करने वाली भद्र महिला को चमचाइन कहते हैं। ऐसी किसी भी अन्य महिला को भी चमचाइन कहा जाता है, जो किसी ख्याति प्राप्त लब्ध प्रतिष्ठित चमचे की पत्नी हो। चम्मू- चमचा व चमचाइन आपस में एक दूसरे को प्यार से चम्मू कहकर पुकारते हैं। चमचा एवं चमचाइन के एकदम निजी क्षणों में उपयोग में लिया गया संबोधन शब्द। चमचालोजी- चमचापंथी कला एवं विज्ञान का समन्वित शास्त्र है। इस शास्त्र का विधिवत सिद्धांतिक एवं प्रायोगिक अध्ययन जिस विषय में करवाया जाता हो। चमचालेज- किसी भी मंत्री व नेता का ऐसा स्थान जहां दलालों की उपस्थिति में चमचों को विधिवत प्रशिक्षण दिया जाता हो। चमचार्पण- किसी भी सौदेबाजी, कार्यक्रम अथवा दुर्घटना में चमचे लोगों द्वारा दलाल एवं नेताओं को समर्पित की जाने वाली केस-काइंड आदि निधि अंश को चमचार्पण कहा जाता है। चमचालय- जिस स्थान पर भिन्न-भिन्न प्रकार के चमचे भिन्न-भिन्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इकट्ठे होते हैं। सभी राजकीय कार्यालय। चमचोपनिषद- चमचों से संबंधित ज्ञान, विज्ञान, कला, साहित्य, संस्कृति, दर्शन, धर्म, अध्यात्म, गणित आदि से ओत-प्रोत विभिन्न विषयों के समूहों को चमचोपनिषद कहा गया है। चमचोबिया- भक्ति की अंधता में लीन जब किसी जंतु में चमचे जैसे लक्षण पाए जाते हैं, तो उसे चमचोबिया से पीड़ित समझा जाता है। यह एक ऐसा रोग है जो अंधभक्ति से शुरू होता है। इस रोग में जातक स्वयं ही अपना थूक चाटता है और फिर उसे थूक देता है। थूकन को पुनः पुनः चाटने लगता है। चमचोन्नति- चमचे का पदक्रम में उन्नति पाकर क्रमशः दलाल, नेता व मंत्री हो जाना। चमचोत्सव- विभिन्न प्रकार के चमचों का इकट्ठे होकर दलाल व नेता की स्तुति में मनाया गया उत्सव। चमचासन- अपने इष्ट के सामने एक विशिष्ट आसन भंगिमाएं बनाना। तलवे चाटते हुए, स्तुति गायन, थूकन-चाटन करने आदि से संबंधित विभिन्न मनः शारीरिक परिस्थितियों को चमचासन कहते हैं। चमचाधिराज- किसी भी पार्टी के आलाकमान, कॉरपोरेट जगत के हाईफाई हेड, सरकारी कार्यालय के चीफ ऑफिसर आदि को इस उपाधि से अलंकृत किया जाता है। इन्हें अनेक चमचे, अनेक ढंग से, स्तुति गान से रिझाते हैं।

उम्मीदों पर खरा उतरता बजट

योगेश

सबसे लंबा बजट भाषण देने, परम्परा में बदलाव और पेपरलेस बजट जैसे कई रिकॉर्ड कायम करने के बाद वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए एक फरवरी को अपना पांचवां आम बजट पेश किया। यह बजट मोदी सरकार का 11वां और केन्द्र सरकार के मौजूदा कार्यकाल का पांचवां बजट था। इस बजट पर पूरे देश की नजरें केन्द्रित थी क्योंकि आम आदमी को इस बजट से ढेर सारी उम्मीदें थी। दरअसल माना जा रहा था कि इस वर्ष होने जा रहे कई विधानसभा चुनावों के साथ-साथ अगले वर्ष लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बजट में आम जनता के लिए राहतों का पिटारा खोला जाएगा और ये उम्मीदें बेकार भी नहीं गई। सरकार ने 45 लाख करोड़ रुपये के खर्च का जो बजट प्रस्तुत किया है, उसमें सरकार की पावतियां केवल 23.3 लाख करोड़ रुपये की ही होंगी और इस भारी-भरकम घाटे को पूरा करने के लिए सरकार विनिवेश के जरिये करीब 51 हजार करोड़ रुपये की धनराशि जुटाएगी जबकि उसे 15 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा के बाजार से ऋण लेने पड़ेंगे। बाकी की कमी को लघु बचतों के जरिये पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। बजट के प्रावधानों को देखते हुए प्रतीत होता है कि सकल विकास वृद्धि में बढ़ोतरी के लिए करीब 10 लाख करोड़ रुपये की धनराशि पूंजीगत खाते से खर्च करके सरकार देशभर में रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ-साथ औद्योगिक उत्पादन को भी बढ़ावा देना चाहती है। छोटे और मध्यम उद्योगों को शुल्क ढांचे में रियायतें प्रदान कर सरकार यह भी सुनिश्चित करना चाहती है कि अपने उत्पादन को बढ़ाने के साथ-साथ यह क्षेत्र रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती में भी सहभागी बने।इस बार के केन्द्रीय बजट में विभिन्न क्षेत्रों को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण आम जनता को आयकर दरों में राहत दिया जाना है। दरअसल बहुत लंबे समय से आयकरों दरों में बदलाव की मांग की जा रही थी। नई कर व्यवस्था में आयकर सीमा में छूट को पांच लाख से बढ़ाकर सात लाख किए जाने से न केवल छोटे करदाताओं को बहुत बड़ी राहत मिलनी तय है, वहीं इससे मिशन 2024 मोड में जुटी भाजपा को सीधा फायदा मिलेगा। हालांकि पुरानी कर व्यवस्था भी लागू रहेगी जिसके तहत अभी भी 80सी, पीएफ, आवासीय कर्ज के मूलधन और ब्याज के भुगतान इत्यादि पर छूट हासिल की जा सकती है, जो नई कर व्यवस्था में नहीं मिलेगी लेकिन इस छूट के बगैर भी सात लाख तक की आय का करमुक्त होना करोड़ों करदाताओं को सीधे तौर पर लाभान्वित करेगा। इस वर्ष से इस नई कर व्यवस्था को डिफॉल्ट व्यवस्था बना दिया गया है। दरअसल करदाताओं को पुरानी कर व्यवस्था से नई कर व्यवस्था को अपनाने के लिए प्रेरित करना सरकार के लिए बड़ी चुनौती रही क्योंकि तमाम अपीलों के बावजूद अधिकांश लोगों ने इसे नहीं अपनाया था। बजट में महिलाओं और बुजुर्गों का भी खास ध्यान रखने का प्रयास किया गया है। वरिष्ठ नागरिकों की बचत सीमा को 15 लाख से बढ़ाकर 30 लाख रुपये करने, गैर सरकारी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अवकाश नकदीकरण पर मिलने वाली छूट को 3 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने की घोषणा, महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट की घोषणा इत्यादि सियासी दृष्टिकोण से भाजपा के प्रति सकारात्मक माहौल में वृद्धि करने में सहायक साबित हो सकती हैं।

बजट में कई ऐसे महत्वपूर्ण निर्णय हैं, जो स्पष्ट तौर पर इस बार के बजट में भाजपा सरकार की ओर से राजनीतिक संदेश देते प्रतीत होते हैं। देश के 80 करोड़ लोगों को जनवरी 2024 तक मुफ्त अनाज योजना भाजपा की सबसे महत्वाकांक्षी योजना है, जो 2022 के विधानसभा चुनावों में भी उसके लिए कुछ राज्यों में गेमचेंजर साबित हो चुकी है और विरोधी भी मानते रहे हैं कि भाजपा को इस योजना का बड़ा सियासी लाभ मिलता रहा है।

गरीबों के लिए चलाई जा रही इस योजना के अलावा आवास योजना, पेयजल योजना और आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना इत्यादि के आवंटन में बड़ी वृद्धि, आदिवासियों के लिए 15 हजार करोड़ की नई योजना, व्यक्तिगत करदाताओं के लिए नई कर व्यवस्था इत्यादि कई ऐसी घोषणाएं हैं, जो देश के निम्न और मध्यम आय के लोगों को भी आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना तो मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है, जिसके लिए 2022-23 के बजट में 48 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया था लेकिन इस बार के बजट में उसे 66 फीसदी बढ़ाकर सरकार ने इस योजना के लिए 79500 करोड़ रुपये आवंटित करने की घोषणा की है। इस योजना के तहत 2024 तक करीब 2.94 करोड़ गरीब लोगों को घर मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है। वैसे सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2.94 करोड़ में से 2.12 करोड़ घरों का निर्माण पूरा हो चुका है और ये घर गरीबों को सौंपे भी जा चुके हैं। जनजातीय समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुधारने और उनके निवास स्थल को बुनियादी सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीएमपीवीटीजी) विकास मिशन की घोषणा करते हुए इसके लिए 15 हजार करोड़ रुपये का खाका पेश किया गया है। ऐसे में अनुसूचित जातियों-जनजातियों वाले मतदाता क्षेत्रों पर भी विशेष ध्यान दिए जाने की झलक बजट में नजर आ रही है। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत अभी तक देशभर में करीब साढ़े चार करोड़ गरीब लोग मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ उठा चुके हैं। इस योजना में आवंटन को पिछले साल के 6457 करोड़ रुपये के बजट से बढ़ाकर 7200 करोड़ कर दिया गया है। इस वित्त वर्ष में प्रधानमंत्री किसान सम्मान के लिए 60 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया जा चुका है और पीएम-किसान के तहत 11.4 करोड़ किसानों को अभी तक 2.2 लाख करोड़ रुपये का नकद हस्तांतरण भी किया जा चुका है। जल जीवन मिशन के लिए बजट को पिछले साल की तुलना में 60 हजार करोड़ से बढ़ाकर 70 हजार करोड़ रुपये किया गया है, जिसके तहत 2024 तक देश के सभी 20 करोड़ परिवारों तक पीने का साफ पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार के मुताबिक 2019 तक केवल तीन करोड़ परिवारों को ही पीने का साफ पानी उपलब्ध था लेकिन जल जीवन मिशन के तहत अभी तक करीब 11 हजार करोड़ परिवारों लोगों को पीने का साफ पानी मुहैया कराया जा चुका है। स्किल इंडिया मिशन के तहत बजट में डिजिटल प्लेटफार्म की घोषणा की गई है। डिजिटल प्लेटफार्म के जरिये उद्यम और रोजगार की ट्रेनिंग देने, नियोक्ताओं तक युवाओं की सीधी पहुंच बढ़ाने को लेकर इस प्लेटफार्म के जरिये होने वाला कार्य लाखों युवाओं के बीच भाजपा के प्रति समर्थन बढ़ाने में सहायक हो सकता है। देशभर में इस योजना के विस्तार की घोषणा के मद्देनजर डिजिटल प्लेटफार्म से बड़ी संख्या में युवा लाभान्वित हो सकते हैं। इसके अलावा डिजिटल लाइब्रेरी के साथ शिक्षकों की ट्रेनिंग की घोषणा भी सरकार के प्रति युवाओं में सकारात्मक माहौल बनाने में मददगार हो सकती है। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के बजट में भी पिछले बजट 5943 करोड़ रुपये की तुलना में करीब तीन गुना बढ़ोतरी की गई है। आधारभूत ढांचागत क्षेत्र के विकास से लेकर प्रदूषण मुक्त ऊर्जा तथा ईंधन के क्षेत्र को खास वरीयता दी गई है। दरअसल सरकार का लक्ष्य इन क्षेत्रों में निवेश बढ़ाकर भविष्य की मुश्किलों को आसान करना और भावी पीढ़ी को सुरक्षित ऊर्जा स्रोत उपलब्ध कराना है। किसानों को अधिक धन उपलब्ध कराने के लिए बजट में 20 लाख करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने की योजना घोषित करके सरकार ने कृषि क्षेत्र को विविधीकरण के जरिये ज्यादा आय अर्जित करने के लिए उद्यत किया है और किसानों की नई पीढ़ी को कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया है। मनरेगा के लिए पिछले बजट में 73 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे लेकिन इस साल यह घटाकर 60 हजार करोड़ कर दिया गया है। फिर भी कुल मिलाकर मोदी सरकार के वर्तमान कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट पूरी तरह से चुनावी चाशनी में डूबा संतुलित बजट है।

डिजिटल प्लेटफार्म के जरिये उद्यम और रोजगार की ट्रेनिंग देने, नियोक्ताओं तक युवाओं की सीधी पहुंच बढ़ाने को लेकर इस प्लेटफार्म के जरिये होने वाला कार्य लाखों युवाओं के बीच भाजपा के प्रति समर्थन बढ़ाने में सहायक हो सकता है। देशभर में इस योजना के विस्तार की घोषणा के मद्देनजर डिजिटल प्लेटफार्म से बड़ी संख्या में युवा लाभान्वित हो सकते हैं

गरीब,किसान और ग्राम कल्याण का चुनावी बजट

प्रमोद भार्गव

विशुद्ध रूप से यह चुनावी बजट है। इस साल 9 राज्यों में चुनाव होने हैं। इसके ठीक 5 माह बाद आम चुनाव है।नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह पूर्ण बजट है।इसलिए यह बजट हर वर्ग के व्यक्ति के लिए रियायती बजट है।आयकर में 7 लाख तक कि छूट देकर नौकरीपेशा बड़ी राहत का अनुभव कर रहे हैं। क्योंकि 5 साल में यह राहत पहली बार मिली है।लेकिन कोरोना के बाद जिस तरह से खानपान जैसी हर वस्तु में कर के प्रावधान किए गए हैं,उससे तय है कि प्रत्यक्ष कर के रूप में दी जाने वाली अप्रत्यक्ष कर के रूप में वापस ले लेगी।इस प्रावधान के चलते बचत के रूप में बैंक और डाकघरों में भी राशि ज्यादा जमा होगी।इसी दौरान घरेलू गैस और रेल सुविधा पर जो सब्सिडी मिलती थी,वे सब सरकार ने लगभग खत्म कर दी हैं,इसलिए यह प्रत्यक्ष लाभ देना चुनावी साल में देना जरूरी था।बावजूद यह बजट गरीब ,किसान,मजदूर और ग्राम के लिए कल्याणकारी है।इस बजट में 80 करोड़ 35 लाख लोगों को एक साल के लिए मुफ्त अनाज देने का दो लाख करोड़ से ज्यादा का बजट प्रावधान कर दिया है।मोटे अनाज, जैविक कृषि से लेकर किसान को डिजिटल प्रशिक्षण और डिजिटल शिक्षा व पुस्तकालय के प्रबंध किए हैं।गोया यह बजट अनुशासित होने के साथ राजनीति और अर्थनीति के बीच आश्चर्यजनक संतुलन पैदा करने वाला बजट है।इसमें चतुर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने चुनावी रेवड़ियां भी बांट दीं और अर्थव्यवस्था को नुकसान भी नहीं होने दिया। केंद्र सरकार गरीबों को पूरी तरह निशुल्क अनाज देने का प्रबंध करके ऐसा चुनावी दांव चल दिया,जिसकी काट विपक्ष के पास नहीं है।सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि एक साल,यानी दिसंबर 2023 तक बढ़ाकर पेट की भूख से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत दी है। यह योजना दिसंबर 2022 को समाप्त हो रही थी।हालांकि फिलहाल चल रही इस योजना में सस्ती दरों पर अनाज राशन की दुकानों पर उपलब्ध कराया जाता था।इसमें चावल तीन रुपए किलो,गेहूं दो रुपए और मोटा अनाज एक रुपए किलो दिया जा रहा था। यह अनाज पूरी तरह मुफ्त होगा।राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के के अंतर्गत अभी तक गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन कर रहे सामान्य परिवारों को प्रतिव्यक्ति पांच किलो अनाज हर महीने निशुल्क दिया जाता है। जबकि अंत्योदय वर्ग के उपभोक्ताओं को अनाज की यह मात्रा सात किलो प्रति व्यक्ति होती है।मसलन प्रत्येक सामान्य परिवार को 25 किलो और अंत्योदय परिवार को 35 किलो अनाज हर महीने दिया जा रहा है।कुल मिलाकर 81.35 करोड़ लोगों को रियायती दरों पर अनाज दिया जा रहा है।इस सुविधा पर दो लाख करोड़ रुपए खर्च होंगे।मुफ्त अनाज 2023 में नौ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में लाभदायी है।इन राज्यों में पूर्वोत्तर के मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा और मिजोरम के अलावा मध्यप्रदेश, राजस्थान,छत्तीसगढ़ ,कर्नाटक और तेलंगाना जैसे बड़े राज्य भी शामिल हैं।इसके बाद 2024 मई जून में लोकसभा के चुनाव भी होना है।यानी भाजपा इन राज्यों में विजयश्री हासिल कर लेती है तो इस मुफ्त योजना को 2024 के लिए भी बढ़ाया जाना तय है। कोरोना महामारी के दौरान जब काम-धंधे पूरी तरह बंद हो गए थे, तब रोज कुआं खोदकर प्यास बुझाने वाले लोगों के लिए भोजन का संकट गहरा गया था। अतएव भारत सरकार ने गरीबों को राहत पहुंचाने की दृष्टि से पूर्व से मिल रहे सस्ते अनाज के अतिरिक्ति पांच किलो मुफ्त अनाज देने की व्यवस्था तीन महीने के लिए शुरू की थी। उम्मीद थी कि तीन माह बाद कोरोना का प्रकोप खत्म हो जाएगा। लेकिन इसका सुरसा-मुख लंबे समय तक खुला रहा। इसलिए इस अवधि को क्रमशः बढ़ाया जाता रहा।ग्रामीण अर्थव्यवस्था में प्राण फूंकने और अनिश्चित आय वालों के लिए यह अन्न योजना संजीवनी का काम करेगी।राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून पूरे देश में लागू है।गरीबों अथवा भूखों को मिले इस सस्ते अनाज के अधिकार को इस कानून का उज्जवल पक्ष माना जाता है। लेकिन इतनी बड़ी संख्या में देश के लोग भूखे हैं, तो यह चिंता का विषय है कि आजादी के अमृत महोत्सव में भी यह भूख क्यों बनी हुई है। अतएव सरकार ने मोटा अनाज पैदा करने के लिए जो प्रोत्साहन के प्रावधान किए हैं,उनमें यदि मध्यान्ह भोजन और मुफ्त अनाज योजनाओं के लिए किसान से मोटा अनाज खरीद कर भोजन के प्रबंध कर दिए जाएं तो किसान वास्तव में ज्वार,बाजरा, रागी,मक्का जैसी फसलें पैदा करने लग जाएगा।

धर्मपत्नी और व्यंग्य की बेकद्री !

सुनील कुमार महला

कहा गया है-'वाइफ इज लाइफ'। यदि लाइफ हैप्पी तो इसका मतलब है कि वाइफ हैप्पी है। लेखकों के लिए सबसे बड़ी दुविधा यह है कि उनकी वाइफ कभी भी हैप्पी नहीं होती। और इस अनहैप्पीनेस का वास्तविक कारण है पतियों का लेखन विधा में तल्लीन होना। आजकल यह लेखक व्यंग्य विधा में अपनी लेखनी आजमा रहा है। व्यंग्य लिखने के लिए दिमाग के घोड़े दौड़ता है तो घोड़े दौड़ने की बजाय ऐसे बैठ जाते हैं, जैसे चुनावों में मात्र अपना वोट पाने वाले उम्मीदवार विपक्षी उम्मीदवार से पैसा खाकर बाइज्जत बैठ जाते हैं। खैर, यहाँ बात वाइफ के अनहैप्पी रहने की चल रही है।

वैसे तो अनहैप्पीनेस के चक्कर में इस लेखक का कोई आर्टिकल कहीं छपता ही नहीं है लेकिन यदि भूले-बिसरे इस लेखक का कोई आर्टिकल कहीं छपता है तो लेखक अखबार की कटिंग ऐसे संजो कर अपने पास रखता है, जैसे शराबी शराब की बोतल को हमेशा अपनी अंटी में दबाकर रखता है। विडंबना यह है कि हमारी धर्मपत्नी हमारे अखबार में छपे आर्टिकल्स को रसोई साफ करते वक्त या तो रसोई की टांड पर बिछा देती है, तो कभी सब्जियाँ छीलते वक्त सब्जियों के छिलकों से अखबार को सरोबार कर देती है। दरअसल, हमारी बड़ी समस्या यह है कि हमें वाइफ को हैप्पी रखने का फंडा नहीं आता और हमें यह लगता है कि यह प्रोब्लम अकेले इस लेखक की नहीं है, अपितु सारे जहाँ के लेखकों की है। बहरहाल, पत्नियों के लिए हर लेखक पति परम फालतू चीज हैं। अधिकतर पत्नियां इस मत की हैं कि सोशल मीडिया के इस दौर में आजकल व्यंग्य को पढ़ता कौन है वैसे भी अखबार पर लोग पकौड़े, जलेबियाँ, बर्गर, पिज्जा, वड़ा पाव और न जाने क्या-क्या खाद्य पदार्थ रखकर खाते हैं।

वे मानतीं हैं कि अखबार रोटियाँ लपटने का मुख्य स्त्रोत हो गए हैं। हमारी धर्मपत्नी जी कल हमारे खासमखास रामलुभाया जी को एक हॉकर से अखबार खरीदते देखकर स्तब्ध रह गई। वो हमसे कहने लगीं-' अजी ! सुनते हो, वो आपके रामलुभाया जी के लिए तो काला अक्षर भैंस बराबर है

वे मानतीं हैं कि अखबार रोटियाँ लपटने का मुख्य स्त्रोत हो गए हैं। हमारी धर्मपत्नी जी कल हमारे खासमखास रामलुभाया जी को एक हॉकर से अखबार खरीदते देखकर स्तब्ध रह गई। वो हमसे कहने लगीं-' अजी ! सुनते हो, वो आपके रामलुभाया जी के लिए तो काला अक्षर भैंस बराबर है लेकिन वो रोज अखबार खरीदते हैं और रोटियाँ लपेटकर रोजाना अपने खेत चले जाते हैं। तुम यूं ही व्यंग्य लेखन में अपना कीमती टाइम खराब करते हो। तुम तो व्यंग्य लेखन में इतने तल्लीन रहते हो कि तुम्हें मेरा व अपने बच्चों तक का ख्याल नहीं रहता। समय पर रोजमर्रा के काम भी तुमसे टाइम पर नहीं निपटते। दिन का डेढ़ बज रहा है और आज तो तुम नहाये भी नहीं हो और उधर देखो तुम्हारे खासमखास को जो रोज नहाकर फ्रेश अखबार में रोटियाँ लपेटकर कब के अपने खेत जा चुके। और हां, वो तुम्हारे मित्र तोताराम जी हैं न, शाम को घूमने जाते समय अखबार में 'चना जोर गरम' लपेटकर खाते हैं। उन्हें अपने स्वास्थ्य की बेहद चिंता है। वो पास में पापड़ बेचने वाला पापड़राम अखबारों का सही उपयोग करता है और परिवार चलाने के रोज सड़क किनारे पापड़ बेचता है। आजकल सरकार ने पॉलीथीन पर रोक लगा दी है। तुम जिस अखबार में व्यंग्य लिखते हो, उसके लिफाफे बनाकर परचून वाली दुकानों का अच्छा काम चल रहा है। तुम्हारे लेखन को पूछ कौन रहा है यह लेखक धर्मपत्नी जी की बातें सुनता रह गया, तभी इस लेखक का बड़ा बेटा अखबार में छपे हमारे लेटेस्ट व्यंग्य पर ढ़ाई सौ ग्राम मूंगफली लेकर आया और मजे से खाने लगा। हम मूंगफलियों और अपने पुत्र की ओर कम, हमारे आर्टिकल की बेकद्री की ओर अधिक देख रहे थे।

गैर, गेरुआ और गरियाना

डॉ. सुरेश कुमार

गुरु जी वह बंदा तो अपने ही धर्म का था। उसने गेरुए कपड़े पहनकर मानो हमारे सनातन धर्म का मजाक बना दिया। फिर किसी फिल्म में मैंने देखा कि अभिनेता गेरुए कपड़े पहनकर अभिनेत्री के साथ अश्लील डैंस कर रहा है। मानो बिना गेरुआ हुए उनका नाच अंडरग्राउंड हो जाता है। गेरुआ न हुआ चुल मचाने का शगल हो गया। - शिष्य ढुलमलुदास ने कहा। गुरु ठनठनलाल ने कहा झ देखो बेटा ढुलमुल गेरुआ का मजाक अपने धर्म के लोग उड़ाए तो कोई बात नहीं है। गैर-धर्म के लोग उड़ाए तो हमें उसका विरोध करना चाहिए। इसी को मसाला कहते हैं। मसाले से सादी दाल हो या सब्जी सब चटपटी बन जाती है। अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए हलचल करनी चाहिए। शिष्य ढुलमुलदास गुरु को कन्फ्यूजियाने के लिए पूछा - वह तो ठीक है गुरु जी गैर-धर्म के लोग गेरुए रंग का मजाक कभी बेशर्म रंग कहकर तो कभी मुझे रंग दे गेरुआ गाकर उड़ाते हैं। लेकिन यही मजाक अपने धर्म के लोग भी अपने तरीके से उड़ाते हैं। क्या अपने धर्म के लोग इसका मजाक इसलिए उड़ा सकते हैं क्योंकि उनके दो हाथ, दो पैर, दो कान, दो आँख, एक नाक, एक मुँह है। यदि यही बात है तो गैर धर्म के लोग हमसे अलग कैसे हैं? गुरु ठनठनलाल ने लंबी साँस खींचते हुए कहा - बेटा सवाल तो तुमने बढ़िया पूछा। किंतु तुमने इस पर शोध नहीं किया। कहने को तो गैर-धर्म के लोगों के दो हाथ, दो पैर, दो कान, दो आँख, एक नाक, एक मुँह तो होते हैं लेकिन हमसे अलग।

फटाफट खबरें

लोनिवि कर्मियों ने काला फीता बांध किया विरोध-प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन की समस्याओं का निराकरण न होने पर हडताल शुरू की गई। तीन व चार फरवरी को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

शुक्रवार को लोनिवि मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष सूर्यकान्त सोनी की अगुवाई में एसोसिएशन के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर लोनिवि परिसर में समस्याओं का समाधान न होने पर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कहा कि लम्बे समय से रुकी पदोन्नति की मांग तत्काल मानकर स्थायीकरण किया जाये। ज्येष्ठ सूची में 2019 में आये कनिष्ठ सहायकों के नाम जोडे जायें। नई ज्येष्ठता सूची जारी की जाये। अन्य समस्याओं का भी निराकरण कराया जाये।

विरोध प्रदर्शन में लोनिवि मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष सूर्यकान्त सोनी, अनिल कुमार, छेदीलाल यादव, कौशल कुमार, वाहिद अली, राघवेन्द्र, संदीप कुमार, जितेन्द्र कुमार, महेश कुमार, राजकरन, अमित त्रिवेदी, धर्मेन्द्र सोनी, धर्मेन्द्र मिश्रा, संतोष कुमार आदि साथियों ने काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन कर हडताल शुरू कर दी है।

वकील की बहन की हत्या के मामले में कार्यवाही को सौंपा पत्र

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। जिले के मानिकपुर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेशचन्द्र शुक्ला ने दो दर्जन अधिवक्ताओं के साथ एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव को सौंपे ज्ञापन में अधिवक्ता संघ के सचिव की बहन की हत्या के मामले में कार्यवाही को ज्ञापन सौंपा है।

शुक्रवार को मानिकपुर तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष रमेशचन्द्र शुक्ला ने एसडीएम मानिकपुर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि अधिवक्ता संघ के सचिव संजीव द्विवेदी की बहन अराधना पाण्डेय पुत्री सुरेन्द्रनाथ पत्नी रामभूषण पाण्डेय निवासी लोढवारा ने अपने पिता व मां-बहन से भेंटकर प्रताडित करने के बाद 15 जनवरी 2023 को उसकी हत्या कर दी गई। जिसकी रिपोर्ट कर्वी कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। अधिवक्ता संघ के आरोप हैं कि लगातार पुलिस से पहल करने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। अधिवक्ता व उनके परिवार को तरह-तरह से धमकी देकर प्रताडित किया जा रहा है।

ज्ञापन में मांग उठाई कि आरोपी रामविलाश पाण्डेय पुत्र वंशरुप व सावित्री तथा शिक्षिका मोनिका गुप्ता को तत्काल गिरफ्तार किया जाये। आरोपियों के अधिवक्ता परिवार को प्रताडित करने के मामले में तत्काल जेल में डाला जाये। मृतक आराधना पाण्डेय की दो नाबालिग पुत्रियों के भविष्य के लिए बीस लाख रुपये की धनराशि उनके भविष्य निधि खाते में जमा कराई जाये। बडी बेटी की शिक्षा-दीक्षा व परीक्षा दिलवाने को सुरक्षा दी जाये।

सिद्धपुर के सौरभ बने इंडियन आयल में विधि अधिकारी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला मुख्यालय से सटे सिद्धपुर गांव के मूल निवासी संतोष सिंह के छोटे पुत्र सौरभ सिंह का चयन इंडियन आयल करपोरेशन में वरिष्ठ विधि अधिकारी के रूप मे हुआ है। हाल ही में आए परीक्षा परिणाम में देश से कुल छह लोगों का चयन हुआ है। सौरभ की उपलब्धि ने जिले का नाम रोशन किया है।

शुक्रवार को एलएलबी की डिग्री राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ से लेने के बाद सौरभ पिछले दो साल से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया प्रयागराज में विधि अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने इंडियन आयल करपोरेशन में वरिष्ठ विधि अधिकारी के पद पर आवेदन किया। 30 वर्षीय युवा सौरभ आल इंडिया स्तरीय इस परीक्षा में चयनित हो गए हैं। देश से कुल छह लोगों का चयन हुआ है, जिसमें सौरभ सिंह का नाम भी शामिल है। भारत सरकार की दूसरी सबसे बड़ी कम्पनी इंडियन आयल कॉरपोरेशन में चयनित होने की खबर से सिद्धपुर गांव में खुशियां मनाई गई। सौरभ सिंह के पिता संतोष सिंह कचहरी रोड में जूते की दुकान चलाते हैं और वर्तमान में एलआईसी मोहल्ले के निवासी हैं। इस उपलब्धि पर सभी फूले नहीं समा रहे। बधाइयों का दौर जारी है। सौरभ सिंह ने अपनी सफलता प्रभु कामतानाथ जी और माता-पिता के चरणों में समर्पित की है। सौरभ की उपलब्धि पर बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, अतुल सिंह, जानकीशरण गुप्ता, वीपी पटेल, विष्णु गुप्ता, रामनरेश यादव, धर्मेंद्र ओझा आदि ने प्रसन्नता जताई है। अजीत सिंह ने बताया कि जिले में आगमन पर सौरभ सिंह का सम्मान करेंगे। उन्होंने युवाओं से इस उपलब्धि पर प्रेरणा लेने और मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की है।

छेडखानी के दोषी को तीन साल की सजा

पिता को भी हुई एक साल की सजा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। छात्रा के साथ छेडखानी करने वाले शोहदे को न्यायालय ने तीन साल के कारावास व 17 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है। शिकायत लेकर गई पीडिता को धमकाने के मामले में आरोपी के पिता को भी एक वर्ष के कारावास और दो हजार के जुमार्ना से दंडित किया है।

शुक्रवार को वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ आनन्द एवं विशेष लोक अभियोजक तेजप्रताप सिंह ने बताया कि कर्वी क्षेत्र के एक शैक्षिक संस्थान में कक्षा 12 में पढने वाली छात्रा ने कर्वी कोतवाली में कंठीपुर गांव के रहमान पुत्र सुबराती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। छात्रा ने कहा था कि 18 जुलाई 2016 को सवेरे सात बजे वह स्कूल जा रही थी। इसी बीच रहमान ने छेडखानी की गरज से उस पर छीटाकसी की। स्कूल से लौटने के बाद घर आकर उसने मां को जानकारी दी। दूसरे दिन 19 जुलाई की शाम वह मां के साथ खेत शौच को जा रही थी। इसी बीच रास्ते में रहमान ने फिर हरकत की। उसके और मां के चिल्लाने पर आरोपी भाग गया। आरोपी के घर उलाहना देने गई तो पिता सुबराती ने भी गाली-गलौज कर रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले को दर्जकर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया।

बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश संजय के लाल ने आरोपी रहमान को तीन साल कारावास व 17 हजार का जुमार्ना सुनाया। मुख्य आरोपी पिता सुबराती को भी एक वर्ष का कारावास और दो हजार के जुमार्ना की सजा सुनाई।

सुनहरा कल के तहत हुई कार्यशाला

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नीति आयोग के आकांक्षी जिले के तहत उप कृषि निदेशक राजकुमार की अध्यक्षता में आईटीसी मिशन सुनहरा कल पानी संस्थान के सहयोग से कृषि भवन सभागार में दो फरवरी से कृषि विकास फ्रेम वर्क पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई।

शुक्रवार को कार्यशाला में जिले के कृषि विभाग पशुपालन, मछली पालन, भूमि संरक्षण, बागवानी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में आईटीसी प्रतिनिधि धनेश गर्ग ने बीते पांच साल में किये कार्यों को पेश किया। आगे किस तरह से मिलकर कार्य किया जाये। इस पर चर्चा की गई। सभी विभागों के पदाधिकारियों ने विभाग में चल रही योजनाओं का लाभ कैसे लिया जा सकता है। इस बारे में जानकारी दी गई।

उप कृषि निदेशक राजकुमार ने कहा कि आईटीसी मिशन सुनहरा कल काफी सराहनीय कार्य कर रहा है। आगे भी सभी मिलकर कार्य करें, ताकि कार्यों को गति मिल सके। उन्होंने कहा कि विभागीय जो सहयोग चाहिए, वह मिलता रहेगा।

बगरेही गांव में लाखों के घोटाले की हो जांच

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर ब्लाक के बगरेही गांव के गिरजेश कुमार मिश्र ने सूबे के मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि मानिकपुर ब्लाक में वर्क कोड 3177002009/आरसी/95848625 5822852518 है, जो दिनांक 15 जून 2017 से 10 सितम्बर 2018 तक पूरा किया जाना था। उसमे 50 फीसदी से भी ज्यादा फर्जी मास्टररोल तैयार करके धन निकाल लिया गया। यही वजह है कि आज भी कार्य अधूरा पड़ा है, जबकि पूरे काम का 50410 दिन की उपस्थिति दिखाकर 946750 रुपये निकाल लिये गये हैं। 150 मीटर का कार्य नहीं हो पाया है। जिसकी जांच किसी अन्य जिले के ईमानदार वरिष्ठ अधिकारियों की टीम गठित कर कराना आवश्यक है। ये धनराशि क्यों आहरित कर ली गयी और किसने आहरित कर लिया।

न्यूज झरोखा

प्रकृति का वैभव वापस लाने को प्राकृतिक खेती को बढावा: उपकृषि निदेशक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। गौ आधारित प्राकृतिक खेती के पहले चरण की शुरूवात श्यामकृपा से हुई। श्यामकृपा के आसपास के गांव रानीपुर भट्ट, नारायणपुर, चन्द्रगहना गांव के पचास किसानों ने तीन सौ बीघा में प्राकृतिक खेती का संकल्प लिया।

शुक्रवार को बुन्देलखण्ड में प्राकृतिक खेती योजना के तहत फार्मर फील्ड स्कूल का शुभारम्भ उपकृषि निदेशक राजकुमार ने किया। उन्होंने बताया कि प्रकृति का वैभव वापस करने को योजना लाई गई है। जमीन की उर्वरा शक्ति समाप्त हो रही है। इस विधा को अपनाने से पुनः खोयी शक्ति वापस आ जायेगी। उन्होंने वीजामृत और जीवामृत का प्रयोग भी किसानों के बीच प्रशिक्षक गोविन्द प्रसाद सोनकर से करवाया।

उन्होंने बताया कि इससे जुडे किसान को इन्हें बनाने की सामग्री एवं बीज का भुगतान, खाद बनाने का गड्ढा आदि उपलब्ध कराया जायेगा। प्राकृतिक खेती कर रहे प्रगतिशील किसान योगेश जैन ने सभी से स्थल पर ही अनुभव साझा किये। मसाला खेती, गौ पालन, बागवानी का संकल्प दिलाया। पर्यावरण विद गुंजन मिश्रा ने कहा कि आने वाली पीढी को जो वसीयत लिखे, उसमें प्राकृतिक खेती का उल्लेख करें, ताकि वह आगे भी जीवित रह सके। रानीपुर के नत्थू प्रसाद ने अपने प्रयोग साझा किये। इस मौके पर कामता प्रसाद सिंह, ललक प्रसाद, चुन्ना यादव, रामरतन कुशवाहा, कमलेश यादव, मलखान, जवाहरलाल, जगदीश आदि किसानों ने हिस्सा लिया। आभार योगेश जैन ने जताते हुए कहा कि गौ पालन की सिद्धी अग्रसर होते दिख रही है।

तहसील परिसर बना गायों का अखाड़ा

श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती में गुरुवार को तहसील परिसर गायों का अखाड़ा बन गया है। तहसील के अंदर जहां पहले वकील और फरियादी घूमा करते थे। वहीं हजारों की संख्या में छुट्टा जानवर नजर आ रहे है। किसानों ने छुट्टा जानवरों से परेशान होकर खेतों में फसलों को चर रहे छुट्टा जानवरों को लाकर तहसील में भर दिया। तहसील की गेट को बंद कर दिया जिससे अधिकारियों के पसीने छूट गये। पूरा मामला श्रावस्ती जनपद के जमुनहा तहसील का है। जहां पर एसडीएम कार्यालय और तहसीलदार कार्यालय आज छुट्टा जानवरों का तबेला बन गया। यहां पर हजारों की संख्या में छुट्टा जानवर ही नजर आ रहे थे। किसानों की फसलों को लगातार छुट्टा जानवर अपना चारा बना रहे हैं और किसान परेशान हो रहा है।

कड़ाके की ठंड में रात दिन खेतों की रखवाली कर कर किसान या तो बीमारी का शिकार हो रहा है। मौत का क्योंकि उसको फसलें बचाकर अपना जीवन जो यापन करना है जब पानी सर के ऊपर गया तो किसानों ने हजारों की संख्या में छुट्टा जानवरों को जमुनहा तहसील परिसर में लाकर बंद कर दिया।

एक दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने निकाली जन जागरूकता रैली

वाराणसी। राजकीय महाविद्यालय जक्खिनी में प्राचार्य डॉ उमाशंकर गुप्ता के निर्देशन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ आनंद सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में द्वितीय एक दिवसीय शिविर काआयोजन किया गया।

जिसके दौरान स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं ने गुरुवार को नरसड़ा गांव में रैली निकालकर नारे लगाते हुए गांव वासियों को पर्यावरण संरक्षण व साफ सफाई तथा कचरा प्रबंधन के बारे में जागरूक करते हुए वृक्षारोपण किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उमाशंकर गुप्ता,डॉ आनंद सिंह सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

लाइव सुसाइड करने वाले युवक को पुलिस ने बचाया

गाजियाबाद

गाजियाबाद में एक फेसबुक अलर्ट ने युवक की जान बचा ली। यहां अभय शुक्ला नाम का युवक इंस्टाग्राम लाइव में सुसाइड करने की तैयारी कर रहा था। अमेरिका के कैलिफोर्निया में फेसबुक और इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा हेडक्वार्टर में जैसे ही उसका वीडियो दिखाई दिया, टीम ने यूपी पुलिस को अलर्ट भेजा। मोबाइल लोकेशन ट्रैक कर पुलिस ने युवक को बचा लिया। पूरे मामले में खास बात यह है कि अलर्ट भेजने से लेकर पुलिस के पहुंचने में महज 13 मिनट का समय लगा। करीब 6 घंटे तक युवक की काउंसिलिंग की गई और जब परिवार आ गया, युवक को उनके पास सुपुर्द किया गया।

उत्तर प्रदेश पुलिस ने मेटा कंपनी से पिछले साल मार्च में यह करार किया था कि फेसबुक या इंस्टाग्राम पर किसी व्यक्ति की आत्महत्या संबंधित पोस्ट दिखे, तो तुरंत पुलिस को अलर्ट किया जाए। अभय शुक्ला ने सुसाइड करने के लिए कमरे के सीलिंग फैन में फंदा लगाया था, इसे देखने के बाद मेटा ने पुलिस को अलर्ट भेजा था। मंगलवार रात 9.57 बजे अभय शुक्ला इंस्टाग्राम पर लाइव आकर फांसी का फंदा बनाने लगा। वीडियो देखकर इंस्टाग्राम – फेसबुक के हेडक्वार्टर ने उत्तर प्रदेश पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर को ईमेल अलर्ट भेजा। इस ईमेल में अभय का रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर भी लिखा हुआ था। पुलिस ने तुरंत नंबर को सर्विलांस पर लिया, तो लोकेशन गाजियाबाद की निकली।

सोशल मीडिया सेंटर ने यह अलर्ट गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट को ट्रांसफर किया। वहां से विजयनगर थाना पुलिस को मैसेज दिया गया। इसके बाद पुलिस ने अभय को फांसी लगाने से पहले ही बचा लिया। अमेरिका से गाजियाबाद तक मैसेज के बाद पुलिस पहुंचने तक के प्रोसेस में महज 13 मिनट ही लगे। इसी वजह से युवक की जान बच पाई। अभय शुक्ला (23) कन्नौज का रहने वाला है। अभी वह गाजियाबाद के विजयनगर एस ब्लॉक में रहता है। वह गुरुग्राम की कैशिफाई कंपनी में जॉब करता था, जो पुराने मोबाइल सेल–परचेज का काम करती है। अभय डीलरों से पुराने फोन लेकर कंपनी को देता था। कंपनी फोन ठीक करके मार्केट में अच्छे रेट पर बेच देती थी। अभय को हर मोबाइल पर 20 प्रतिशत कमीशन मिलता था।अभय को इसमें फायदा हुआ, तो कुछ महीने जॉब छोड़कर वह निजी तौर पर यह काम करने लगा, लेकिन कुछ समय बाद अभय को काम में नुकसान होने लगा। इसकी भरपाई के लिए उसने अपनी मां से 90 हजार रुपए उधार लिए। मां ने यह रकम अभय की बहन की शादी के लिए रखी हुई थी। जब यह रकम भी डूब गई तो अभय निराश हो गया और आत्महत्या करने पहुंच गया।

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण तेज नेपाल से अयोध्या पहुंचे शालिग्राम शिला

अयोध्या। उत्तर प्रदेश में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण बहुत तेज गति से चल रहा है। भगवान राम और सीता की मूर्ति बनाने के लिए नेपाल से अयोध्या शालिग्राम शिला लाई गई है। सबसे पहले इन शिलाओं को गोरखपुर लाया गया, जहां हजारों की तादाद में लोगों ने पूजा की और दर्शन किए।यहां से अयोध्या के बीच लोगों ने जगह जगह इन पत्थरों का स्वागत किया और पूजा की।

मजदूरों के माँगों को लेकर आराजीलाईन ब्लाक पर मनरेगा मजदूर यूनियन ने धरना प्रदर्शन किया

वाराणसी। राजातालाब, नरेगा संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर सात सूत्री माँगों को लेकर मनरेगा मजदूर यूनियन ने प्रदेश व केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी फैसलों व मनरेगा मजदूरों की समस्याओं को लेकर मनरेगा दिवस पर गुरुवार को आराजीलाईन ब्लाक पर जोरदार प्रदर्शन किया।

धरना प्रदर्शन के माध्यम से मनरेगा मजदूरों ने अपनी मांगों को नारों, लोकगीतों के माध्यम से रखा।इस दौरान मनरेगा मजदूर यूनियन के संयोजक सुरेश राठौर ने कहा कि मनरेगा मजदूरी में पर्याप्त वृद्धि सातवें वेतन आयोग के अनुसार निर्धारित न्यूनतम दैनिक मजदूरी 800 रुपए लागू की जाए। वहीं माननीय उच्चतम न्यायलय के फैसलें के अनुसार एक समान काम का एक समान वेतन का नियम मनरेगा मजदूरों के लिये लागू किया जाए।15 दिन के अंदर भुगतान नहीं होने पर वेतन अधिनियम 1936 के तहत मुआवजा दिया जाए।काम कि माँग पूरा करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा अतिरिक्त धनराशि 110588.49 करोड़ का तत्काल आवंटन हो।

सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार गुप्ता ने कहा कि पिछले चार से लगातार मनरेगा के बजट की कटौती किया जा रहा है।पिछले चार साल की तुलना में इस बार मनरेगा का सबसे कम बजट है हम लोगों को उम्मीद थी बेरोजगारी की चुनौती से निपटने के लिए बजट बढ़ाया जाएगा लेकिन मोदी बजट कारपोरेट परस्त और किसान, मजदूर ग्रामीण तथा शहरी जनता विरोधी है।वहीं मनरेगा मजदूर यूनियन के संयोजिका रेनू पटेल ने कहा कि मनरेगा में 200 दिन का काम निर्धारित किया जाए।वहीं इस धरना प्रदर्शन के पश्चात खंड विकास अधिकारी विजय जायसवाल के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित उपरोक्त मांगों को लेकर सात सूत्री एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इस दौरान मनरेगा मजदूरों एवम् यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रदेश व केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाए कि मनरेगा मजदूरों को न्यूनतम वेतन नहीं दिया जा रहा है।उन्हें 100 दिन का कार्य भी मुहैया नहीं करवाया जा रहा है और इसके साथ साथ समय से मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस मौके पर सुरेश राठौर, राजकुमार गुप्ता, रेनू, नेहा, मुश्तफा, श्रद्धा, रीना, पूजा, आँचल, सीता, विमला, आशा, मंगरा, अमरावती, सुनीता, मीरा, प्रेमशीला, सरिता, संजू, कलावती, राजकुमारी, फुलकुमारी, सुनैना, अनिता, सहित सैकड़ो मजदूर मौजूद रहे।

अबू धाबी में एयर इंडिया के विमान में लगी आग, आपात लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

अबू धाबी (संयुक्त अरब अमीरात)। एयर इंडिया एक्सप्रेस की अबू धाबी से भारत (केरल के कालीकट) जा रहे विमान की वापस अबू धाबी हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग कराई गई। विमान के

इंजन में आग लगने के बाद उसे सुरक्षित उतारा गया। इस विमान में 184 लोग थे। एयर इंडिया एक्सप्रेस के भारत स्थित एक अधिकारी ने नई दिल्ली में बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। इस अधिकारी के मुताबिक अबू धाबी से भारत आ रहे विमान (आईएक्स 348) में 184 यात्री सवार थे। इंजन में तकनीकी खराबी आने के विमान में आग की लपटें उठने लगीं। पायलट ने लपटों को देखते ही विमान की अबू धाबी में इमरजेंसी लैंडिंग कराई। अचानक तकनीकी खराबी और आग लगने की वजह की जांच की जा रही है।

भारत विरोधी डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद इल्हान उमर विदेशी मामलों की समिति से हटाई गईं

वाशिंगटन। डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद इल्हान उमर को रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों की बहुमत वाली प्रतिनिधि सभा ने मतदान के जरिए शक्तिशाली विदेशी मामलों की समिति से बाहर कर दिया। इस कदम की व्हाइट हाउस ने निंदा की है। 40 वर्षीय इल्हान उमर पिछले कुछ वर्षों से सदन के अंदर और बाहर भारत विरोधी अभियान में शामिल रही हैं। वह इजरायल और यहूदी गुट की भी तीखी आलोचक रही हैं। सदन ने 211 मतों के मुकाबले 218 मतों से विदेश मामलों की समिति से उन्हें बाहर कर दिया। उमर अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में तीसरी मुस्लिम सांसद हैं। वह मिनेसोटा के पांचवें कांग्रेसनल जिले का प्रतिनिधित्व करती हैं।

प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैकार्थी ने मतदान के बाद कहा-' जब विदेशी मामलों की बात आती है तो हमें लगता है कि उन्हें (इल्हान उमर) काम नहीं करना चाहिए।' मैकार्थी ने कहा- ' कांग्रेस के हर एक सदस्य की इस पर बात गौर करना जिम्मेदारी बनती है कि वह खुद को कैसे पेश करते हैं।' व्हाइट हाउस ने इस कदम को 'अन्यायपूर्ण' बताया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा है-' हमें लगता है कि यह एक राजनीतिक चाल है। हाल के हफ्तों में प्रमुख समितियों से अन्य प्रमुख डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों को प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों द्वारा अन्यायपूर्ण तरीके से हटाया गया। यह अमेरिका के लोगों का अपमान है।' ज्यां-पियरे ने कहा-' हमारा मानना है कि सांसद उमर कांग्रेस की सम्मानित सदस्य हैं। उन्होंने पहले की गई अपनी टिप्पणियों के लिए माफी भी मांगी है।'

म्यांमार के 37 शहरों में मार्शल लॉ

यंगून। पूर्व एशियाई देश म्यांमार की राज्य प्रशासन परिषद ने रात दक्षिण के चार क्षेत्रों के 37 शहरों और चार राज्यों में मार्शल लॉ लागू कर दिया। यह शहर सागिंग क्षेत्र के हैं। परिषद ने कहा है कि सैन्य कमांड के कमांडरों को सुरक्षा करने, कानून का शासन और शांति बनाए रखने के लिए प्रशासनिक और न्यायिक शक्ति दी गई है। यह कदम देश में आपातकाल की स्थिति को छह महीने के लिए बढ़ाए जाने के एक दिन उठाया गया है।

अमेरिकी खुफिया चीफ का दावा- 2027 तक ताइवान पर हमला कर सकता है चीन

वाशिंगटन।अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए के डायरेक्टर विलियम बर्न्स ने कहा है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की ताइवान से संबंधित महत्वकांक्षा को कम करके नहीं आंका जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस बात को जानता है और खुफिया जानकारी से पता भी चला है कि शी जिनपिंग ने अपनी सेना को 2027 तक ताइवान पर हमले का आदेश भी दिया हुआ है। अमेरिकी खुफिया चीफ ने कहा कि इसका मतलब ये नहीं है कि शी जिनपिंग ने 2027 में ही हमले की योजना बनाई है। यह किसी और साल भी हो सकता है लेकिन हमें यह याद रखना चाहिए कि शी जिनपिंग पूरी गंभीरता से इस पर फोकस बनाए हुए हैं।

फिर बढ़ी रार: अमेरिकी आकाश में दिखा चीन का विशाल जासूसी गुब्बारा

-अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने कहा, तीन बसों के बराबर बड़ा है गुब्बारे का आकार

वाशिंगटन। अमेरिका और चीन के बीच विवाद एक बार फिर बढ़ता नजर आ रहा है। अब अमेरिकी आकाश में चीन का एक विशाल जासूसी गुब्बारा दिखने से तनाव उत्पन्न हुआ है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि गुब्बारे का आकार तीन बसों के बराबर बड़ा है।

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने बताया कि अमेरिकी सरकार ने आसमान में ऊंचाई पर उड़ते एक गुब्बारे का पता लगाया है, जो कि अभी अमेरिकी उपमहाद्वीप के ऊपर उड़ रहा है। नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड लगातार इस गुब्बारे को ट्रैक कर रहा है और इस पर नजर बनाए हुए है। पेंटागन की ओर से दावा किया गया है कि अमेरिकी सेना को जैसे ही चीन

के इस जासूसी गुब्बारे के बारे में पता चला तो सेना की ओर से तुरंत संवेदनशील डाटा को सुरक्षित किया गया। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जासूसी गुब्बारा अमेरिका से जुड़ी कोई जानकारी जुटा न सके। वैसे माना जा रहा है कि इस जासूसी गुब्बारे में सैन्य तौर पर खतरे जैसी कोई बात नहीं है। अमेरिकी आकाश पर इस गुब्बारे के नजर आने की टाइमिंग पर जरूर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन जल्द ही चीन का दौरा करने वाले हैं। इस बीच अमेरिकी सेना के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मार्क माइली और नॉर्दर्न कमांड के जनरल ग्लेन वानहर्क ने गुब्बारे को नहीं गिराने का निर्देश दिया है। आशंका है कि इसे गिराने से लोगों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है। फिलहाल इस गुब्बारे पर नजर रखी जा रही है।

बताया गया कि एक दिन पूर्व चीन का यह जासूसी गुब्बारा मोंटाना इलाके के ऊपर उड़ता दिखा था। इसी क्षेत्र में एयरफोर्स बेस पर अमेरिका के तीन न्यूक्लियर मिसाइल तैनात हैं। यह जासूसी गुब्बारा नागरिक हवाई उड़ानों की सीमा के ऊपर उड़ रहा है। हालांकि अमेरिका की ओर से यह नहीं बताया गया है कि यह गुब्बारा कितनी ऊंचाई पर उड़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को इसके बारे में जानकारी दे दी गई है।

आईएमएफ ने पाकिस्तान सरकार को बिजली की दरों में बढ़ोतरी करने के दिए निर्देश

इस्लामाबाद। आर्थिक बदहाली के दौर से गुजर रहे पाकिस्तान के संशोधित कर्ज प्रबंधन योजना को खारिज करते हुए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बिजली की दरों में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए है। आईएमएफ ने इससे पहले भी कर्ज लेने और उसके चुकाने के पाकिस्तानी तरीके को गलत बताया था। अंतराष्ट्रीय संगठन ने कहा कि पाकिस्तान बिजली बिल में छूट की सुविधा को खत्म करने के साथ ही बिजली मूल्य में भी बढ़ोतरी प्रति यूनिट 12.50 रुपये तक करें। इन दोनों तरीकों से सरकार को 335 अरब रुपये का लाभ होगा।

आइएमएफ के अधिकारियों का दल पाकिस्तान आकर सोमवार से आर्थिक स्थिति की समीक्षा कर रहा है। यह दल पाकिस्तान को दिए जाने वाले सात अरब डालर के कर्ज में से 1.18 अरब डालर की पहली किस्त देने से पहले स्थितियों का आकलन कर रहा है। समीक्षा के इसी दौर में आइएमएफ ने पाकिस्तान सरकार से ऊर्जा क्षेत्र में व्यापक सुधार करने के लिए कहा है। पाकिस्तान में इस समय बिजली का मूल्य सात रुपये प्रति यूनिट है। आइएमएफ ने इसे बढ़ाकर 11 रुपये से 12.50 रुपये प्रति यूनिट करने के लिए कहा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 के अंत तक पाकिस्तान पर कुल 2,113 अरब रुपये का कर्ज हो जाएगा। आइएमएफ इस कर्ज को बढ़ने से रोकने के लिए पाकिस्तान सरकार से कड़े फैसले लेने के कह रहा है। आयात के लिए नकदी की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए आइएमएफ की बात मानने के अलावा कोई रास्ता नहीं है।

पाक में आईएसआई के खिलाफ पुलिस का मोर्चा:धमाके में सेना की भूमिका पर संदेह बढ़ा, 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की मौत पर गुस्सा भड़का

पेशावर। पाकिस्तान के पेशावर में हुए आतंकी हमले के बाद सेना की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे थे। इस बीच, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की पुलिस ने खुफिया एजेंसी ISI के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। खैबर पुलिस के जवानों ने ISI के खिलाफ नारेबाजी की और गुनहगारों पर कार्रवाई की मांग की है।

खैबर पख्तूनख्वा में ऐसा पहली बार हुआ है, जब वर्दी पहने और हथियार लिए दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी पेशावर प्रेस क्लब के बाहर जमा हुए और प्रदर्शन किया। ऐसा प्रदर्शन खैबर के कई जिलों में हुआ।

धमाके में हो सकती है ISI की भूमिका

दरअसल, पेशावर पुलिस हेडक्वार्टर में स्थित मस्जिद पर हुए धमाके में 100 से अधिक पुलिस वालों की जान चली गई थी। हमले के पीछे ISI का हाथ बताया जा रहा है। इसी के बाद गुस्साए पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शन किया। इस बीच, शासन पर दोष मढ़ा और प्रधानमंत्री रहते तालिबानी आतंकियों की मदद करने और

पाकिस्तान सरकार और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया है प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हिंसा के लिए इमरान उनसे बातचीत का आरोप लगाया है। वहीं इमरान खान ने आरोप लगाया कि सरकार आतंकवाद के नाम पर आम चुनाव टालना चाहती है।

'धमाके के लिए आतंकियों के दोस्त फैज जिम्मेदार'

मानवाधिकार संगठनों के बाद सत्ताधारी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने हमले के लिए पूर्व ढ्रस्ट्र प्रमुख जनरल फैज हामिद को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा- जनरल हामिद को इमरान आंख, हाथ और कान कहते थे। तब उन्होंने आतंकियों (अफगानिस्तान से) के लिए दरवाजे क्यों खोले? कट्टर आतंकियों को रिहा क्यों किया?

300 सीनियर-1 लाख जूनियर पुलिस अधिकारी देंगे इस्तीफा

खैबर पख्तूनख्वा पुलिस का मेमो सार्वजनिक हुआ है। इसमें कहा गया है कि यदि मस्जिद पर हमले की सही तरीके से जांच नहीं की गई और दोषियों को सजा नहीं दी गई तो 300 से अधिक सीनियर पुलिस अधिकारी इस्तीफा दे देंगे। इनके साथ जूनियर रैंक के 1 लाख जवानों ने भी इस्तीफा देने की धमकी दी है।

पुलिस वर्दी में आया था आत्मघाती हमलावर

खैबर पख्तूनख्वा पुलिस को आत्मघाती हमले को लेकर बड़ी जानकारी हाथ लगी है। पुलिस प्रमुख ने बताया कि हमलावर पुलिस की वर्दी में घुसा था। हमले में 10 से 12 किलो टीएनटी इस्तेमाल किए जाने की आशंका है।

पूर्व गृह मंत्री रशीद गिरफ्तार, फवाद को मिली बेल

पूर्व गृह मंत्री और इमरान के करीबी शेख रशीद को गिरफ्तार किया गया है। इसे पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी पर इमरान की हत्या की साजिश के आरोप से जोड़ा जा रहा है। इससे पहले पूर्व मंत्री फवाद चौधरी को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें जमानत मिल चुकी है।

प्राइवेट आर्मी को फंड देकर दिवालिया हो रहा यूक्रेन: रूस से लड़ रही निजी सेना के लड़ाकों पर घोटाले का आरोप, देश विरोधी टिप्पणियां भी कीं

पेशावर। यूक्रेनी सैनिकों को प्रशिक्षण देने और उनकी मदद के लिए भेजे गए अमेरिकी वैगनर ग्रुप मोजार्ट समूह पर घोटाले और यूक्रेन की लीडरशिप के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगा है। इस संबंध में अमेरिका के पूर्व मरीन और मोजार्ट के लीडर एंड्रयू मिलबर्न ने कंपनी के फंड को डायवर्ट कर दिया। वहीं, यूक्रेन के लीडर्स के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी भी की।

मिलबर्न ने बताया कि यूक्रेन पर टिप्पणी करने के दौरान वे नशे में थे। हालांकि, वित्तीय अनियमितताओं के बारे में अधिकांश आरोपों को उन्होंने निराधार बताया। उन्होंने बताया कि मार्च से मोजार्ट के लड़के यूक्रेन

में रूसी सेना का डटकर मुकाबला कर रहे है। वहां सेना को प्रशिक्षण दिया, नागरिकों को जंग के लिए तैयार किया और यूक्रेनी सेना के साथ फ्रंट लाइन में खड़े रहे। लेकिन यूक्रेन के लीडर्स ने भुगतान नहीं किया। मोजार्ट को फंड उपलब्ध कराने वाले एक छोटे से पूल पर निर्भर छोड़ दिया। जिसमें ईस्ट कोस्ट फाइनेंसर्स का एक समूह और एक टेक्सास टाइकून शामिल था। मोजार्ट के अन्य लोगों ने भी बताया कि सभी लड़ाके रूस के निशाने पर है। मोजार्ट को एक व्यवसाय की तरह चलाना होता है, लेकिन हमने ऐसा नहीं किया। सैकड़ों नहीं तो हजारों विदेशी दिग्गज और स्वयंसेवक यूक्रेन से होकर गुजरे हैं। उनमें से कई नशेड़ी भी रहे हैं। नागरिकों को बचाया और 9 करोड़ रुपए से अधिक जुटाए, लेकिन फिर पैसे खत्म होने लगे है और पर्याप्त फंड नहीं दिया गया।मोजार्ट को सितंबर से फंड मिलना बंद हो गया था। तब एलाइड एक्सट्रैक्ट चैरिटी ग्रुप ने कम खर्च पर नागरिकों को बचाने का फैसला किया। नवंबर तक मोजार्ट के पास नकदी की इतनी कमी थी कि एक दिन की सैलरी नहीं निकल पा रही थी। खर्च चलाना मुश्किल हो गया।

संकट में साथ आईं राजनीतिक पार्टियां, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इमरान खान को भेजा न्योता

पेशावर। गंभीर आर्थिक संकट और आतंकवाद से जूझ रहे पाकिस्तान में सरकार ने सभी पार्टियों की बैठक बुलाई है। खास बात ये है कि इस बैठक में शामिल होने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भी न्योता भेजा है। यह बैठक आगामी 7 फरवरी को इस्लामाबाद में होनी है। यह न्योता ऐसे समय भेजा गया है, जब पाकिस्तान के सत्ताधारी गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट और पीटीआई में ठनी हुई है। हाल के दिनों में पूर्व की पीटीआई सरकार के कई नेताओं की गिरफ्तारियां हुई हैं। जिनमें पूर्व मंत्री फवाद चौधरी और शेख रशीद भी शामिल हैं। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, इस बैठक में आर्थिक चुनौतियों और राजनीतिक संकट से उबरने पर चर्चा हो सकती है। पाकिस्तान सरकार की सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी राजनीतिक पार्टियों को बैठक में बुलाया है ताकि सभी लोग मिलकर राष्ट्रहित के मुद्दों और चुनौतियों का हल निकाल सकें। पाकिस्तान में आज एपेक्स कमिटी की बैठक भी होनी है, जिसमें भी शामिल होने के लिए पीटीआई के वरिष्ठ नेताओं और नेशनल असेंबली के पूर्व स्पीकर असर कैसर और पूर्व रक्षा मंत्री परवेज खट्टक को भी न्योता भेजा गया है।

ब्रिटेन में हुआ दशक का सबसे बड़ा प्रदर्शन :सुनक सरकार के खिलाफ 5 लाख से ज्यादा लोग सड़कों पर उतरे, वेतन बढ़ाने की मांग की

इस्लामाबाद। ब्रिटेन में 5 लाख से ज्यादा लोगों ने लंदन की सड़कों पर उतर ऋषि सुनक की सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसे ब्रिटेन का पिछले एक दशक का सबसे बड़ा प्रदर्शन बताया जा रहा है। विरोध करने वाले लोगों में सबसे ज्यादा टीचर्स, सिविल सरवेंट और ट्रेन के ड्राइवर्स रहे, जो अपना काम छोड़कर हड़ताल पर चले गए। इन लोगों ने सरकार से वेतन बढ़ाने और महंगाई को कंट्रोल में करने की मांग की है।

रहे: नेशनल एजुकेशन यूनियन ने बताया कि टीचर्स की हड़ताल

इतनी बड़ी थी कि इसका असर 23 हजार स्कूलों पर रहा। वहीं ब्रिटेन में ट्रेन ड्राइवर्स के काम पर नहीं जाने से वहां? ज्यादातर ट्रेनें बंद रहीं। हड़ताल में शामिल एक 33 साल के टीचर निक होन ने बताया कि जिस हिसाब से ब्रिटेन में महंगाई बढ़ी है इससे खर्चा पूरा करने में उनकी सैलरी कम पड़ रही है। 10 घंटे काम करने के बाद भी लोगों को पास्ता खाकर दिन गुजारना पड़ रहा है। इंस्टीट्यूट फॉर फिस्कल स्टडीज के मुताबिक वहां साल 2010 से 2022 के बीच में टीचर्स के वेतन में 9 से 10फीसदी की कमी दर्ज की गई है।

अखबारों ने प्रदर्शन को 'लॉकडाउन 2023' कहा

ब्रिटेन के कई बड़े अखबारों ने हुई हड़ताल को 'लॉकडाउन 2023' तो किसी ने इसे 'वॉकआउट वेडनेसडे' नाम दिया। प्रदर्शन की तुलना ब्रिटेन में साल 1978-79 में हुई हड़ताल से की गई, जिसे वहां विंटर ऑफ डिस्कंटेंट यानी सर्दियों के असंतोष के नाम से भी जाना जाता है।

यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज की प्रोफेसर कैथरीन बर्नार्ड ने द वॉशिंगटन पोस्ट को बताया कि हड़ताल करने के मामले में ब्रिटेन में काफी सख्त कानून हैं कोई भी इतनी आसानी से इतनी ज्यादा तादाद में सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन नहीं कर सकता है। फिर भी अगर 5 लाख से ज्यादा लोग अपने घरों से निकले हैं तो मामला गंभीर है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा था, 'अगर संभव होता तो मैं एक जादू की छड़ी घुमाकर आपकी परेशानियां दूर कर देता, लेकिन यह नहीं हो सकता है।'

सराफा बाजार: सोने-चांदी की कीमत में बड़ी गिरावट, 70 हजार के नीचे आया चांदी

नई दिल्ली, 03 फरवरी (हि.स.)। लगातार दो दिन तक तेजी का रिकॉर्ड बनाने के बाद घरेलू सराफा बाजार में आज करेक्शन होता नजर आया। आज सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं की कीमत में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। हालांकि आज की गिरावट के बावजूद सोना 58 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर ही कारोबार करता नजर आया, लेकिन इस गिरावट के कारण चांदी लुढ़क कर 70 हजार रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर से नीचे गिर गया।

फरवरी के पहले दिन संसद में पेश हुए आम बजट के बाद लगातार दो दिन तक भारतीय सराफा बाजार जबरदस्त उत्साह के साथ कारोबार करता नजर आ रहा था, लेकिन मुनाफा वसूली के कारण आज बाजार में गिरावट का रुख बन गया। सोना आज 869 रुपये फिसल गया। वहीं चांदी भी 1,831 रुपये टूट कर 70 हजार रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर से नीचे गिर गया। कल सोने का आखिरी बंद भाव 58,882 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था, लेकिन आज की गिरावट के बाद ये चमकीली धातु लुढ़क कर 58,013 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गई। सोने की अलग अलग श्रेणियों में आज 869 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 509 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई।

पेशावर विस्फोट: मरियम ने इमरान के करीबी पूर्व आईएसआई प्रमुख पर लगाए गंभीर आरोप

- मस्जिद में हुए आतंकी हमले में मरने वालों की संख्या 101 पहुंची
- धमाके में इस्तेमाल हुआ 10 किलो से अधिक विस्फोटक टीएनटी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पेशावर की मस्जिद में हुए आतंकी हमले में मरने वालों की संख्या 101 तक पहुंच गयी है। हमले को लेकर पाकिस्तान में आंतरिक राजनीति भी तेज हो गयी है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की भतीजी एवं पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) की नेता मरियम नवाज शरीफ ने पेशावर विस्फोट के मसले पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी पूर्व आईएसआई प्रमुख पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

पाकिस्तान में अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर में पुलिस लाइंस इलाके की एक मस्जिद में सोमवार को नमाज के ठीक बाद दोपहर 1.40 बजे एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ाकर धमाका कर दिया था। इस धमाके की आवाज दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी थी। पेशावर पुलिस लाइंस में मौजूद लोगों के मुताबिक विस्फोट के बाद आसमान में धूल और धुएं का गुबार छा गया। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक आत्मघाती हमलावर मस्जिद में नमाज के दौरान सबसे आगे की लाइन में था। नमाज पढ़ने के बाद उसने स्वयं को उड़ा लिया। घटना के बाद चारों ओर शव पड़े दिखे। इस हमले की जिम्मेदारी

तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने ली है। टीटीपी के मारे गए कमांडर उमर खालिद खुरासानी के भाई ने दावा किया कि आत्मघाती हमला उसके भाई की मौत का बदला लेने के लिए किया गया, जो पिछले साल अगस्त में अफगानिस्तान में मारा गया था। पाकिस्तानी तालिबान के नाम से जाने वाले टीटीपी ने इससे पहले भी पाकिस्तान में सुरक्षा बलों को निशाना बनाते हुए कई आत्मघाती हमले किए हैं।

अब इस विस्फोट के मामले में पुलिस ने बताया है कि हमलावर पुलिस की वर्दी में मस्जिद में आया था। अब तक हादसे में 101 लोगों की मौत हो चुकी है और दो सौ से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मृतकों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस चीफ मोअज्जम जाह अंसारी ने बताया कि हमलावर आत्मघाती था और एक सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि वह पुलिस की वर्दी पहन हुए था। उसने मास्क और हेलमेट भी लगाया हुआ था। हमलावर का सिर बरामद हो गया है। साथ ही एक बॉल बीयरिंग भी बरामद हुआ है, जो सुसाइड जैकेट में इस्तेमाल किया जाता है। पुलिस ने बताया कि हमलावर जिस मोटरसाइकिल से आया था, उसका पता चल गया है। विस्फोट के लिए 10 किलो से अधिक विस्फोटक, टीएनटी इस्तेमाल किया गया था। जिसकी वजह से धमाका इतना तेज हुआ कि मस्जिद की छत और दीवारें भी गिर गई। इस कारण ही मरने वालों की संख्या इतनी ज्यादा पहुंच गई।

पेशावर बम विस्फोट को लेकर पाकिस्तान में आंतरिक राजनीति भी शुरू हो गयी है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज ने पूर्व आईएसआई चीफ जनरल फैज हामिद पर गंभीर आरोप लगाए और उन्हें पेशावर हमले के लिए जिम्मेदार ठहराया। मरियम नवाज ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी जनरल फैज हामिद पेशावर में बतौर आर्मी कमांडर तैनात थे और उन्होंने ही आतंकवादियों के लिए रास्ते खोले। मरयम नवाज ने कहा कि वह इमरान खान के आंख, हाथ और कान होते थे, आज वह पाकिस्तान के हाथ, कान और आंखें होते तो आज हालात अलग होते। मरियम नवाज ने सवाल उठाये कि फैज हामिद ने क्यों कहा कि आतंकवादी हमारे भाई हैं और उन्हें पाकिस्तान आने का न्योता दिया। क्यों उन्होंने खूंखार आतंकियों को जेल से रिहा किया?

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।